नई दिल्ली, बुधवार, 19 जून 2024
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
द्वादशी वर्ष : 28, अंक : 69
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 43
न्यून. 31

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



09 द. अफ्रीका पर अजेय बढ़त बनाने आज उतरेगी भारतीय महिला टीम




हरियाणा सरकार



## उपयोग नहीं तो बिल नहीं

"हमारा मूल उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद परिवारों के उत्थान के लिए मूलभूत सुविधाओं में वृद्धि करना है। इसी कड़ी में गरीब परिवारों के घरेलू बिजली बिलों में भारी कटौती की है तथा मिनिमम चार्ज खत्म किया है।"
- नायब सिंह

"सरकार उपभोक्ताओं के बिजली बिल को शून्य करने का प्रयास कर रही है।"
- नरेन्द्र मोदी

## गरीबों के बिजली बिलों में राहत

2% से 91% तक की भारी राहत

मिनिमम मासिक चार्ज (MMC) अब खत्म



## 9.5 लाख गरीब परिवारों के घरेलू बिजली बिलों में भारी राहत

1 किलोवाट तक के लोड वाले घरेलू कनेक्शनों पर ₹115 प्रतिमाह तथा 2 किलोवाट तक ₹230 प्रतिमाह का MMC अब समाप्त

| स्वीकृत लोड | मासिक खपत (यूनिट) | पुराना बिल (रुपये) | नया बिल (रुपये) | बिल में कमी | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 किलोवाट | 10 | 115 | 20 | ₹ 95 | 82.6% |
| | 20 | 115 | 40 | ₹ 75 | 65.2% |
| | 30 | 115 | 60 | ₹ 55 | 47.8% |
| | 40 | 115 | 80 | ₹ 35 | 30.4% |
| | 50 | 115 | 100 | ₹ 15 | 13.0% |
| 2 किलोवाट | 10 | 230 | 20 | ₹ 210 | 91.3% |
| | 20 | 230 | 40 | ₹ 190 | 82.6% |
| | 30 | 230 | 60 | ₹ 170 | 73.9% |
| | 40 | 230 | 80 | ₹ 150 | 65.2% |
| | 50 | 230 | 100 | ₹ 130 | 56.5% |
| | 60 | 230 | 125 | ₹ 105 | 45.7% |
| | 70 | 230 | 150 | ₹ 80 | 34.8% |
| | 80 | 230 | 175 | ₹ 55 | 23.9% |
| | 90 | 230 | 200 | ₹ 30 | 13.0% |
| | 100 | 230 | 225 | ₹ 5 | 2.2% |

अधिक जानकारी एवं तुलना के लिए अपना नवीनतम बिजली बिल देखें

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## पुष्प विहार इलाके में पकड़े गए ठक-ठक गैंग से जुड़े आरोपी, 23 हीरे किए बरामद

# कारोबारी की कार से उड़ाए थे एक करोड़ के हीरे, कपल धरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

साउथ डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने ठक ठक गैंग से जुड़े दो चोरों को अरेस्ट किया है। इन्होंने 15 जून को आगरा में एक कारोबारी की कार से एक करोड़ से ज्यादा कीमत के हीरे चोरी किये थे। आरोपी कपल के पास से चुराये गए 23 हीरे बरामद किए हैं। पूछताछ में खुलासा किया कि यह दिल्ली के अलावा दूसरे राज्यों में भी वारदात को अंजाम देते थे।

डीसीपी अंकित चौहान के अनुसार स्पेशल स्टाफ ने पुष्प विहार सेक्टर 4 से सबसे पहले एक संदिग्ध महिला को रोका। तलाशी लेने पर उसके पास से हीरे बरामद हुये। पूछताछ में महिला ने बताया कि उसने गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ 15 जून को लोहा मंडी, आगरा क्षेत्र में एक व्यापारी की कार से एक करोड़ कीमत के हीरे, एक लाख रुपए कैश और एक लैपटॉप चुराया था। बाद में महिला की निशानदेही पर उसके साथी युवक को भी पकड़ा लिया गया। आरोपी का नाम कुणाल पता चला। उसके पास से भी कुछ हीरे कब्जे में लिये गये। 38 साल की आरोपी महिला इंद्रपुरी की रहने वाली है। वह भोपाल में भी चोरी के एक केस में शामिल रही है। 23 साल का कुणाल मदनगीर का रहने वाला है। वह पांच मामलों में शामिल रहा है। जिस वक्त पुलिस ने इन्हें पकड़ा, तब वे चोरी के हीरों को ठिकाने लगाने की कोशिश में लगे थे। अब पुलिस इनके गैंग से जुड़े अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी जुटाने में लगी है।



■ दिल्ली के बाहर भी करते थे आरोपी वारदात

### गैंग ऐसे करता है वारदात

इस गैंग के लोग दो चार के समूह में बाइक या स्कूटी पर चलते हैं। इनके निशाने पर बिजनेसमैन और ज्वेलर्स खासतौर पर होते थे। ये सड़क पर टारगेट की गई कार के पिछले बाएं टायर को पंचर या फिर कार के बोनट पर तेल डाल उस गाड़ी के ड्राइवर का ध्यान भटकाते हैं। उसे इशारा कर कार रुकवा लेते हैं। इस स्थिति में चालक या गाड़ी के अंदर बैठा शख्स जैसे ही बाहर निकलता है, तभी गैंग के अन्य सदस्य मौका मिलते ही गाड़ी का दरवाजा खोल अंदर रखा कीमती सामान उड़ा लेते हैं।

## 3.5 करोड़ रुपये से अधिक कीमत के 318 आईफोन चुराने वाले दो गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** वसंत कुंज नॉर्थ पुलिस ने साढ़े तीन करोड़ से अधिक कीमत के आईफ़ोन चोरी मामले में पंचकुला से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनसे चोरी हुए 318 नए आई बरामद किए गये हैं। आरोपियों में मनदीप सिंह निवासी बामनोली गांव और सचिन निवासी पंचकुला शामिल है। डीसीपी रोहित मीना ने बताया कि 17 जून को चोरी का एक मामला दर्ज किया गया था। रामेश्वर सिंह के महिपालपुर स्थित गोदाम से नए आई फोन की हुई थी। इन आईफ़ोन को उत्तर भारत के विभिन्न वितरकों को भेजा जाना था। एसीपी वसंत कुंज सत्यजीत सरीन और थाना प्रभारी राजीव मलिक की टीम ने जांच के दौरान कई सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया। शिकायतकर्ता का ड्राइवर मंदीप फरार था। उसका मोबाइल भी बंद पाया गया। यह भी पता चला वह शिकायतकर्ता की कार में ही गया था। कार में जीपीएस लगा था। जीपीएस लोकेशन पर पुलिस समालखा गांव पहुंची जहां कार लावारिस मिली। तकनीकी जांच के बाद हरियाणा के पंचकुला से मंदीप सिंह को उसके सहयोगी सचिन के साथ पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से चोरी के सात आई-फोन बरामद किये गये। मुख्य आरोपी मंदीप के दिल्ली के बामनोली स्थित घर पर छापा मारा और उसकी निशानदेही पर 311 एप्पल आई-फोन बरामद किए गए। कुल बरामद 318 एप्पल आई-फोन की कीमत 3.5 करोड़ से ज्यादा बताई गई है। पूछताछ में मंदीप ने खुलासा किया कि उसने कुछ दूरी तय करने के बाद जीपीएस सिस्टम हटा दिया था। इसके बाद वह कार को बामनोली स्थित अपने घर ले गया, वहां आई फोन के डिब्बे उतारे और वापस उसी स्थान पर चला गया जहां उसने जीपीएस हटाया था। उन्होंने गाड़ी में फिर से जीपीएस सिस्टम ठीक किया और उसे वहीं छोड़ दिया। उसने यह सब सिर्फ इसलिए किया ताकि पुलिस बामनोली स्थित उसके घर का पता न लगा सके।



## खबर संक्षेप

### नाबालिग लड़की का यौन शोषण करने वाला ई रिक्शा चालक पकड़ा

**नई दिल्ली।** सिविल लाइंस इलाके में नाबालिग लड़की का यौन शोषण करने वाला ई रिक्शा चालक पुलिस गिरफ्त में है। आरोपी मो. इस्तिखार (27) समस्तीपुर, बिहार का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार 12/13 जून की दरम्यानी रात बाड़ा हिंदू राव अस्पताल से इस मामले की सूचना मिली थी। 17 साल की लड़की का यौन शोषण हुआ था। पीड़िता की शिकायत पर सिविल लाइंस थाने में छेड़छाड़, धमकी देने और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। ई रिक्शा पर कोई नंबर प्लेट नहीं थी, इसलिए आरोपी तक पहुंचना मुश्किल था। यह वारदात रात करीब ढाई बजे के आसपास की थी। पुलिस ने लगभग 150 सीसीटीवी कैमरे खंगाले तब कहीं जाकर आरोपी को मोरी गेट इलाके में ट्रेस किया गया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह ई-रिक्शा चलाता है। घटना वाली रात पीड़ित लड़की आईएसबीटी, कश्मीरी गेट से उसके ई-रिक्शा पर सवार हुई थी। उसे वजीराबाद जाना था लेकिन वह उसे जल बोर्ड आवास क्षेत्र बाड़ा हिंदू राव के पास वन क्षेत्र में ले गया। आरोपी ने उसके साथ जोर जबरदस्ती की थी।

### गांधी नगर : कपड़े के कारखाने में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के गांधी नगर इलाके में मंगलवार की सुबह कपड़े के एक कारखाने में आग लग गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आग से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दिल्ली दमकल सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि दमकल विभाग को सुबह नौ बजकर 55 मिनट पर इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलते ही चार मंजिला कारखाने में आग बुझाने के लिए छह दमकल गाड़ियों को भेजा गया। अधिकारी ने बताया कि आग पर दो घंटे में काबू पा लिया गया। इस इलाके में लटकते तारों और संकरी गलियों के कारण दमकल गाड़ियों को मौके पर पहुंचने में खासी मुश्किल हुई। सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया जिसमें कर्मचारी दमकल गाड़ियों के वास्ते रास्ता बनाने के लिए गलियों में उलझे तारों को हटाते नजर आए।

## चिटफंड कंपनी के जरिये करोड़ों की चपत लगाने वाला दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने एक शातिर जालसाज को हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार किया है। इस पर चिटफंड कंपनी की आड़ में करोड़ों की ठगी का आरोप है। आरोपी 2020 में मुकदमा दर्ज होने के बाद से फरार चल रहा था। इसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपए का नाम भी घोषित था। सैंकड़ों लोगों को जाल में फंसा मोटी चपत लगाने वाले इस आरोपी का नाम प्रेम वाधवा (64) निवासी ईस्ट ऑफ कैलाश है। डीसीपी सतीश कुमार के अनुसार आरोपी ने अपने बहनोई हरीश के माध्यम से श्रीनिवास पुरी में चिटफंड कंपनी का ऑफिस खोल ठगी की थी। यह लोग लुभावनी योजनाओं में निवेश करवाते थे। 2020 के मार्च में प्रेम वाधवा अचानक से अंडर ग्राउंड हो गया। इसके बाद पचास लोगों ने मिलकर पुलिस में शिकायत दी, जिस पर आर्थिक अपराध शाखा ने धोखाधड़ी से जुड़ी धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया था। हाल ही में क्राइम ब्रांच को इसके बारे में पता चला कि वह पालमपुर हिमाचल प्रदेश में कहीं रह रहा है। पुलिस की एक टीम ने हिमाचल प्रदेश जाकर आरोपी के बारे में जानकारी जुटायी और फिर उसे पालमपुर एरिया से पकड़ लिया। वाधवा 11वीं तक पढ़ा है। उसके पिता की श्रीनिवासपुरी में दूग्ध उत्पाद की दुकान थी। वह भी अपने पिता के साथ दुकान के काम में हाथ बटाता था। साल 2007 से उसने चिटफंड का काम शुरु किया जो वर्ष 2020 तक चला। इस दौरान इसने अपने बहनोई के साथ मिलकर दो करोड़ से ज्यादा की ठगी की थी।




### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी रेवाड़ी | कोसली निर्वाचन क्षेत्र में 3 अदद सम्पर्क सड़कों (ग्रुप-II) का निर्माण कार्य :- 1) डेहलावास से नांगल मुंदी रेलवे स्टेशन (रोड आईडी 7968), 2) खेड़ी से गोठड़ा (आईडी नं. 11933) 3) रामगढ़ से फतेहपुरी डारोली (आईडी 11934) + 1 कार्य। | 07.06.2024 02.07.2024 | 3.64 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9416384454 xenhsamb.rewari@gmail.com |
| 2 | एचएसएएमबी रेवाड़ी | अटेली निर्वाचन क्षेत्र में गांव चेलावास से धनुंदा तक एल/आर का निर्माण (आईडी 10519) + 1 कार्य। | 11.06.2024 26.06.2024 | 3.58 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9416384454 xenhsamb.rewari@gmail.com |
| 3 | एचएसएएमबी रेवाड़ी | अटेली निर्वाचन क्षेत्र जिला महेन्द्रगढ़ में गांव गुढा से ककराला तक और सिहोल से बहाला तक (आईडी नं. 9100) (जी-1) सम्पर्क सड़क का निर्माण + 3 कार्य। | 12.06.2024 28.06.2024 | 6.44 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9416384454 xenhsamb.rewari@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/60/26873/I/88/7 दि. 18.06.24


## बुराड़ी में युवक की लूटपाट के दौरान की गई थी हत्या

### शुरुआत में पुलिस को लगा था एक्सीडेंट का केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

बुराड़ी इलाके में 11 जून को हुई एक युवक की मौत किसी एक्सीडेंट में नहीं बल्कि उसकी लूटपाट के दौरान हत्या की गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने केस में सौ से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे खंगालने के बाद एक आरोपी को भी अरेस्ट कर लिया है। आरोपी का नाम चंदन विहार, संत नगर निवासी लव (21) बताया गया है। पुलिस के अनुसार 11 जून की शाम बुराड़ी थाने को एक पीसीआर कॉल मिली, जिसमें बताया गया कि मेट्रो निर्माण कार्य के नजदीक एक युवक सड़क पर अचेत पड़ा है। युवक को बाबू जगजीवन राम अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके के हालात को देख पुलिस ने एक्सीडेंट में मौत का केस दर्ज किया था। कई दिन बाद मृतक की पहचान नीरज (32) के तौर पर हुई जो संत नगर का रहने वाला था। परिजनों ने बताया कि मृतक अविवाहित था। 10 जून को रात लगभग साढ़े 12 बजे वह शराब के नशे में घर से निकला था। उसके पास मोबाइल और कुछ नगदी भी थी। इस बीच आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी मौत के पीछे हत्या की बात सामने आई। इसके बाद पुलिस ने केस हत्या की धाराओं में दर्ज किया। स्थानीय थानाध्यक्ष अजीत कुमार की टीम ने तफ्तीश के दौरान करीब सौ सीसीटीवी कैमरे खंगालने के बाद मृतक को एक बाइक पर दो लोगों के साथ जाते देखा। पुलिस उस बाइक नंबर के जरिए दो लोगों तक पहुंच गई। इसके बाद लव और राजन को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की गई और मामले का खुलासा हो गया।

### पत्थर से कई वार किए

आरोपी मृतक को पहले से जानते थे। इन्होंने पहले मुकुंदपुर फ्लाईओवर आरसीसी रोड बुराड़ी के नजदीक एक साथ शराब पी थी। फिर राजन और लव नीरज को अकेला छोड़ बाइक लेकर वहां से निकल गये। लव को नीरज के पास रुपए होने की जानकारी थी। उसने लालच में आकर नीरज के सिर पर सीमेंट के पत्थर से कई वार किये थे। इसके बाद साढ़े पांच हजार रुपए और मोबाइल लूट फरार हो गया था। पुलिस ने मृतक का मोबाइल, लूट की रकम में से ढाई हजार रुपए और अपराध के समय आरोपी के पहने कपड़े बरामद कर लिए हैं। लव 12वीं कक्षा तक पढ़ा है। वह स्कूल कैब चलाता था। अभी तक की जांच में वारदात के पीछे राजन की भूमिका सामने नहीं आई है।

### कमरे के अंदर मिली अधेड़ व्यक्ति की लाश

**नई दिल्ली।** नेताजी सुभाष पैलेस इलाके में एक व्यक्ति की उसके घर में ही लाश पाई गई। मृतक का नाम रिषी कुमार सिंह (53) बताया गया है। शुरुआती जांच में पता चला कि मृतक के बगल वाले कमरे में उसकी पैरालाईज बहन लेटी थी। वह करीब 25 सालों से बिस्तर पर है। पुलिस मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है ताकि मौत के सही कारण का पता चल सकें। पुलिस के अनुसार मृतक रिषी श्रीनगर, गली नंबर-2, नेताजी सुभाष पैलेस इलाके में बहन विभा के साथ रहता था। विभा पैरालाईज्ड है और बोल भी नहीं पाती है। रिषी की पत्नी अलग रहती है। जबकि उसका बेटा और भाई आस्ट्रेलिया में हैं। रिषी की वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र इलाके में फैक्टरी है। रिषी ने अपनी बहन की देखरेख के लिये नौकरानी रखी हुई है। रविवार सुबह नौकरानी घर पहुंची तो दरवाजा अंदर से बंद होने पर वापस चली गई। शाम को भी दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद उसने पड़ोसियों को बताया। अंदर से कोई जवाब नहीं मिलने पर पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। पुलिस ने वीडियोग्राफी के बीच दरवाजा खोला।


### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | सिरसा जिले में डबवाली में डॉ. बी.आर. अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय में खेल-कूद मैदान का निर्माण और लैंडस्कैपिंग द्वारा सौन्दर्यकरण तथा अन्य कार्य। (सीसीटीवी कैमरों को बदलना केवल) | 13.06.2024 26.06.2024 | 12.56 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | आईएसआई मार्क्ड ब्लीचिंग पाउडर की खरीद। | 15.06.2024 15.07.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570121 supplies@hry.nic.in |
| 3 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | पाउडर फॉर्म में आईएसआई मार्क्ड पॉली एल्यूमीनियम क्लोराइड की खरीद। | 15.06.2024 15.07.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570121 supplies@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज भिवानी | गांव - प्रेम नगर, ब्लॉक व जिला भिवानी में आईपीबी सहित सी. कंक्रीट फिरनी का निर्माण + 8 कार्य। | 11.06.2024 28.06.2024 | 1082.6 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज भिवानी | गांव नाकीपुर ब्लॉक लोहारू में आईपीबी सहित फिरनी का निर्माण, स्कीम-एचआरडीएफ + 2 कार्य। | 08.06.2024 28.06.2024 | 300.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज भिवानी | 648 गांव ढाणी रिवासा, ब्लॉक तोशाम, जिला भिवानी में फिरनी का निर्माण + 26 कार्य। | 08.06.2024 24.06.2024 | 1883.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज भिवानी | सीएम - गांव दुल्हेड़ी, ब्लॉक तोशाम, जिला भिवानी में लाडो पार्क का निर्माण + 1 कार्य। | 11.06.2024 21.06.2024 | 72.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज भिवानी | गांव खरक कलां, ब्लॉक व जिला भिवानी में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण। | 10.06.2024 20.06.2024 | 61.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज करनाल | गांव रूक्शाना, ब्लॉक असंध में शेर सिंह नम्बरदार से एज पर ड्राई ब्रिक रास्ता के निर्माण की कच्ची लागत, सी.एम. घोषणा + 7 कार्य। | 14.06.2024 20.06.2024 | 82.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल | संवर्धन कैनाल पर आरडी 33.983 कि.मी. पर वी.आर. ब्रिज के निर्माण हेतु न्यू एचएसआर 2021 के अनुरूप क्षेत्र के टॉपोग्राफिक सर्वे आयोजित करने, भू-तकनीकी जांच, जीएडी की तैयारी और मौजूदा हैड रेगुलेटर संरचनाओं और उपलब्ध सरकारी भूमि के संदर्भ सहित पुलों के उपयुक्त अलाइनमेंट की फिक्सिंग, विस्तृत प्रोजैक्ट, विस्तृत डिजाइनिंग, वर्किंग ड्राइंग, विस्तृत आकलन और बीओक्यू के लिए परामर्शदायी सेवा। | 14.06.2024 24.06.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 1842258008 xeninddivn@yahoo.co.in |
| 11 | पंचायती राज कैथल | लाम्बा खेड़ी, गांव लाम्बा खेड़ी में साजुमा रोड से कुराड़ रोड तक आईएलपीबी गली का निर्माण + 21 कार्य। | 13.06.2024 27.06.2024 | 562.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा नरवाना | बीडब्ल्यूएस यांत्रिकी उपमंडल, नरवाना में सहायक एक्सेसरीज सहित 20 सीएस. क्षमता पम्पिंग सैट्स के 3 अदद वी.टी. पम्पस को बदलना / पुनरोद्धार। | 15.06.2024 05.07.2024 | 110.16 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9660864175 xen-wsnrw.irr@gov.in |
| 13 | पंचायती राज हिसार | गांवों ढाणी मोहब्बतपुर, कोहली, मोडा खेड़ा, मोहब्बतपुर, खैरामपुर, ब्लॉक आदमपुर की फिरनी पर एलईडी स्ट्रीट लाइट्स की स्थापना + 8 कार्य। | 14.06.2024 04.07.2024 | 435.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 14 | पंचायती राज हिसार | मामनपुरा, हांसी1, मामनपुरा तालाब से दीपल तालाब तक एचडीपीई पाइप लाइन बिछाना + 6 कार्य। | 14.06.2024 05.07.2024 | 347.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 15 | पंचायती राज हिसार | रावलवास खुर्द, हिसार 2- जीएडी का निर्माण + 5 कार्य। | 14.06.2024 04.07.2024 | 263.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 16 | जिला परिषद करनाल | गांव जारौली, ब्लॉक कुंजपुरा, जिला करनाल में रवि दास मंदिर के निकट तालाब का विकास (जैडपी)। | 14.06.2024 21.06.2024 | 31.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2983072 xenzpkarnal@gmail.com |
| 17 | पंचायती राज पुण्डरी, कैथल | चोचरा रोड (बाकल) पर गऊ घाट का निर्माण + 5 कार्य। | 14.06.2024 20.06.2024 | 36.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398020009 sdoprpundri@gmail.com |
| 18 | पंचायती राज अम्बाला | वीएएनजीवाई - गांव धीन ब्लॉक बराड़ा में रामदासिया समुदाय हेतु रविदास मंदिर के निकट हॉल कमरे का निर्माण। | 14.06.2024 26.06.2024 | 15.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 19 | पंचायती राज अम्बाला | एसडीए - गांव मुल्लाना में सैनी सभा मुल्लाना की चारदिवारी, गांव सालेहपुर में मेन फिरनी से धर्मवीर सैनी के मकान तक आईपीबी गली का निर्माण, गांव सुलखानी, ब्लॉक बराड़ा में सैनी चौपाल में चारदिवारी, आईपीबी फ्लोरिंग का निर्माण + 4 कार्य। | 14.06.2024 26.06.2024 | 95.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 20 | पंचायती राज अम्बाला | वीएएनजीवाई - गांव कुल्लारपुर में सामुदायिक हॉल में आयरन शैड और गांव काला आम्ब, ब्लॉक नारायणगढ़ में दलीप नामदेव के मकान से राज किशोर के मकान तक, दलीप सिंह के मकान से पुलिस चौकी तक आईएलपीबी गली का निर्माण + 3 कार्य। | 14.06.2024 26.06.2024 | 38.05 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 21 | पंचायती राज अम्बाला | वीएएनजीवाई - गांव बिर्कोमपुर में शवदाह भूमि में बैठने की शैड का निर्माण और आई/एल बिछाना तथा गांव राजौली में इंडोर जिम का निर्माण और गांव दादूपुर ब्लॉक बराड़ा में हॉल का निर्माण + 2 कार्य। | 14.06.2024 26.06.2024 | 43.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 22 | पंचायती राज राजौंद, कैथल | परशुराम भवन (सोंगल) में पगडंडी का निर्माण और पार्क का विकास + 5 कार्य। | 15.06.2024 20.06.2024 | 30.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8630071961 sdoprrajound@gmail.com |
| 23 | लोनिवि भ व प हिसार | जिला हिसार में गांव सातरोड में पीएचसी का निर्माण। | बंद होने की तिथि 25.06.2024 | 409.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466446125 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 24 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | गुरूग्राम जिले में गुरूग्राम में एससीईआरटी बिल्डिंग में टीचर्स हॉस्टल ब्लॉक और साइंस ब्लॉक में टाइल्स टैरेसिंग का प्रावधान। | बंद होने की तिथि 22.06.2024 | 15.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 25 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | गुरूग्राम जिले में गुरुग्राम में मकान नं. 17, ऑफिसर कॉलोनी नं. 2, सिविल लाइंस का पुनरोद्धार (ई.आई. कार्यों समेत)। | बंद होने की तिथि 22.06.2024 | 11.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 26 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | गुरूग्राम जिले में गुरूग्राम में एससीईआरटी बिल्डिंग में टीचर हाउस, साइंस ब्लॉक और प्रशा. खण्ड का पुनरोद्धार। | बंद होने की तिथि 22.06.2024 | 16.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 27 | लोनिवि भ व प हिसार | सिविल हॉस्पीटल सिरसा में मौजूदा पेडियाट्रिक वॉर्ड में एचवीएसी/वीआरएफ सिस्टम का प्रावधान और सहायक कार्य। | 14.06.2024 28.06.2024 | 24.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 28 | पंचायती राज महम, रोहतक | 22/02 गांव बेहलबा खास में ग्राम सचिवालय से (फिरनी) नाला तक नाला का निर्माण। | 13.06.2024 20.06.2024 | 10.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9215555586 sdoprmeham@gmail.com |
| 29 | पंचायती राज मुरथल, सोनीपत | गांव असदपुर, ब्लॉक मुरथल में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण, एसएफसी / जीपी.. + 6 कार्य। | बंद होने की तिथि 20.06.2024 | 88.63 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9818043960 sdoprmurthal3@gmail.com |
| 30 | पंचायती राज गोहाना, सोनीपत | गांव जौली में अशोक पुत्र उमेद से जयपाल पुत्र रामसिंह तक आईपीबी गली का निर्माण (वीएजीवाई) + 1 कार्य। | 14.06.2024 26.06.2024 | 15.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416051838 jitendersingh838@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2025/600/26890/I/88/7 दि. 18.06.24


### भ्रष्टाचार निरोधक शाखा की कार्रवाई

## बिल्डर से रिश्वत के आरोप में एमसीडी के जूनियर इंजीनियर समेत दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने सोमवार को एमसीडी के एक जूनियर इंजीनियर और बेलदार को बिल्डर से रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार किया है। इन पर आवासीय निर्माण जारी रखने के एवज में रिश्वत वसूलने का आरोप है। ज्वाइंट सीपी मधुर वर्मा के अनुसार सोमवार को भजनपुरा इलाके के एक बिल्डर ने इस संबंध में शिकायत दी थी। उन्होंने बताया कि आरोपी बेलदार का नाम सुदर्शन उर्फ राजबीर है। वह एमसीडी के शाहदरा (नॉर्थ) जोन तैनात है और 15 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा है। यह रकम बिना रूकावट निर्माण कार्य जारी रखने के एवज में मांगी जा रही है। इसके बाद पीड़ित ने जूनियर इंजीनियर गौरव गर्ग से इस मसले को लेकर मुलाकात की थी। लेकिन मामले में उनकी मिलीभगत सामने आई। उन्होंने बेलदार को पैसा देने की बात कहीं। एमसीडी ऑफिस में चल रहे इस रिश्वत के खेल की शिकायत मिलने पर भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने एक जांच व छापेमारी टीम बनाई। टीम दोपहर करीब दो बजे शिकायतकर्ता के मकान नंबर ए-29, गढ़ी मेंडू गांव, भजनपुरा पहुंची। वहां पर जैसे ही बेलदार 15 हजार रुपये की रिश्वत लेने पहुंचा उसे दबोच लिया गया। उसने खुलासा किया कि जूनियर इंजीनियर के निर्देश पर रकम ली गई थी। इसके बाद टीम ने शाहदरा एमसीडी ऑफिस से जूनियर इंजीनियर गौरव गर्ग को भी दबोच लिया। उनके पास से भी 50 हजार रुपये बरामद हुये।



नई दिल्ली
बुधवार, 19 जून 2024
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष, द्वादशी वर्ष : 28, अंक : 69
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 43
न्यून. 31

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



09 तोंडाइमन, राजेश्वरी ओलंपिक के लिए पांच सदस्यीय भारतीय शॉटगन टीम में

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी का दो दिवसीय प्रवास जम्मू कश्मीर में

# 'धरती के स्वर्ग' से पीएम के योगाभ्यास में छिपे होंगे शांति और विकास के संदेश

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

श्रीनगर के डल झील के किनारे जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विश्व को जम्मू कश्मीर में शांति बहाली का प्रतीकात्मक मैसेज दे रहे होंगे तो वहीं सूबे में विधानसभा चुनाव की तैयारियों का रोडमैप भी तैयार कर रहे होंगे। लोकसभा चुनाव में जीत और फिर सरकार का कामकाज संभालने के बाद जम्मू कश्मीर में प्रधानमंत्री गुरुवार को पहली बार पहुंचेंगे। अमरनाथ यात्रियों के लिए किए गए चाकचौबंद व्यवस्था का खुद जायजा लेंगे। सूबे की कानून व्यवस्था संभालने वाली जम्मू कश्मीर पुलिस में आत्मविश्वास भरेंगे। सुरक्षाकर्मियों को सकारात्मक संदेश देंगे। आतंकवादियों को खबरदार करेंगे। सूबे से प्रधानमंत्री कुछ भावनात्मक संदेश भी देंगे।

ईद के त्योहार के बाद पहले जुमे के दिन, शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री की उपस्थिति में चूंकि बड़ा जमावड़ा श्रीनगर में होगा इसीलिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सेना ने खुद अपने हाथों में संभाल ली है। केंद्रीय सुरक्षाबल और पुलिस बल सेना के समन्वय में विभिन्न मोर्चों पर तैनात रहेंगे। दस साल पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया था। इस दिन तमाम देशों के प्रमुख योग के माध्यम से



फइल फोटो

खुद को स्वस्थ रखने का मैसेज दुनिया भर को देते हैं। पिछले वर्ष न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र संघ के मुख्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का नेतृत्व किया था। प्रधानमंत्री हर दिन दशकों से योग अभ्यास करते हैं।

सुरक्षाकर्मियों के लिए इस बार चिंता का विषय है कि आतंकी घटनायें एक के बाद घाटी में नहीं, बल्कि जम्मू में हुई जहां आमतौर पर शांति रही है। गत दिनों केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बैठक कर सुरक्षाकर्मियों को आतंकियों से सख्ती से निपटने की हर तरह की छूट दी है। प्रधानमंत्री का अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर डल झील के किनारे योग अभ्यास करने से न सिर्फ सूबे के लोगों में आत्मविश्वास बढ़ेगा बल्कि पर्यटन से जुड़े रोजगार, व्यापार में दोगुने जोश के साथ स्थानीय कश्मीरी जुटेंगे। जाहिर है इसका सीधा असर राज्य की आर्थिक तरक्की पर पड़ेगा। जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने के बाद से राज्य को केंद्रशासित बनाकर केंद्र के अधीन रखा गया है। नए सिरे से विधानसभा चुनाव हो इसके लिए केंद्रीय चुनाव आयोग ने जम्मू कश्मीर के लिए परिसीमन का काम पूरा कर दिया है। कुल 90 सदस्यों वाली विधानसभा में जम्मू से 47 विधानसभा सीटे रहेंगी जबकि कश्मीर से 43 विधायक चुनकर आ सकेंगे। परिसीमन का काम पूरा हाने के बाद अब बस राजनीतिक दलों को चुनाव का इंतजार है। प्रधानमंत्री के दो दिवसीय दौरे के बाद जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव पर विमर्श शुरू होना है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### राहुल का दावा- सत्तारूढ़ खेमे के लोग संपर्क में



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर से भाजपा और नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। गांधी ने कहा कि 2024 के आम चुनावों के बाद लोकसभा में संख्या बहुत कमजोर होगी और 'छोटी सी गड़बड़ी भी एनडीए की सरकार को गिरा सकती है। किसी का नाम लिए बिना राहुल ने दावा किया कि एनडीए के लोग हमारे संपर्क में हैं और मोदी खेमे में असंतोष है।

### रील के चक्कर में लड़की गाड़ी समेत खाई में गिरी




**औरंगाबाद।** महाराष्ट्र में 23 साल की एक लड़की कार के साथ रील बनवा रही थी तभी उससे गाड़ी में बैक गियर लगा और ब्रेक लगाने की जगह उसने एक्सीलेटर पर पैर रख दिया और गाड़ी 300 फीट गहरी खाई में जा गिरी। लड़की की इस दुर्घटना में मौत हो गई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। पूरा मामला महाराष्ट्र के औरंगाबाद का है।

### ठप रहीं ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की सेवाएं




**नई दिल्ली।** देशभर में मंगलवार की दोपहर को इंटरनेट सर्विस प्रभावित रही। इसमें रिलायंस जियो यूजर्स सबसे ज्यादा प्रभावित रहे। दिन के समय में एयरटेल, गूगल और एक्स यूजर्स को आउटेज का सामना करना पड़ा। डाउनडिटेक्टर ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि 2400 से ज्यादा यूजर को अपने जियो कनेक्शन में समस्या का सामना करना पड़ रहा था।

### निफ्टी और सेंसेक्स का नया ऑल टाइम हाई



**मुंबई।** शेयर मार्केट में मंगलवार को बड़े गैपअप के बाद मार्केट ने सस्टेन किया और सेंसेक्स और निफ्टी ने नया ऑल टाइम हाई बनाते हुए बढ़त दर्ज की। निफ्टी ने 92 अंकों के की बढ़त दर्ज करते हुए 23558 के लेवल पर क्लोज़ किया, जबकि सेंसेक्स ने 308 अंकों की बढ़त दर्ज की और 77301 के लेवल पर क्लोज़ किया। निफ्टी ने 23579 के लेवल का नया ऑल टाइम हाई लगाया।

### मैंने सबसे पहले किसान और गरीब परिवारों के लिए लिया फैसला: पीएम मोदी

# एक क्लिक में 9.26 करोड़ किसानों के खाते में पहुंच गए 20 हजार करोड़ रुपये

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार वाराणसी पहुंचे हैं। इस दौरान पीएम ने कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। किसानों को संबोधित करने के बाद प्रधानमंत्री गंगा आरती में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे।

दशाश्वमेध घाट पर पीएम मोदी के साथ उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदी बेन पटेल भी मौजूद थीं। इससे पहले प्रधानमंत्री ने किसान सम्मेलन को संबोधित किया और किसानों को पीएम-किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त ट्रान्सफर की। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैंने किसान, नौजवान, नारीशक्ति और गरीब को विकसित भारत का मजबूत स्तंभ माना है। अपने तीसरे कार्यकाल की शुरुआत मैंने इन्हीं के सशक्तिकरण से की है। सरकार बनते ही सबसे बड़ा किसान और गरीब परिवारों से जुड़ा फैसला लिया गया है। देश में गरीब परिवारों के लिए 3 करोड़ नए घर बनाने हों या फिर पीएम किसान सम्मान निधि को आगे बढ़ाना हो... ये फैसले करोड़ों-करोड़ों लोगों की मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि बाब विश्वनाथ और मां गंगा के आशीर्वाद से, काशीवासियों ⏩ शेष पेज 4 पर



कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान बोले किसानों के जीवन आसान बना रही है योजना

*अब तक, 11 करोड़ से ज्यादा पात्र किसान परिवारों को पीएम-किसान योजना के अंतर्गत 3.04 लाख करोड़ रुपए से अधिक का लाभ मिला है*



### डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर के जरिए किए ट्रांसफर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं क़िस्त जारी कर दी। प्रधानमंत्री डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर के जरिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत लगभग 9.26 करोड़ लाभार्थी किसानों को 20,000 करोड़ रुपए से ज्यादा की 17वीं किस्त जारी की। अब तक, 11 करोड़ से ज्यादा पात्र किसान परिवारों को पीएम-किसान ⏩ शेष पेज 4 पर

### गंगा आरती में शामिल हुए पीएम मोदी, काशी विश्वनाथ धाम में की पूजा



**वाराणसी।** पीएम मोदी दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने मां गंगा की पूजा करने के बाद आरती उतारी। घाट पर हर-हर महादेव और मां गंगा के उद्घोष होते रहे। राधे-राधे और अक्षतम केशवम, गोविंद बोले हरि गोपाल बोलो के धुन से पूरा दशाश्वमेध घाट गूंज उठा। घाट पर विशेष फूलों से सजावट की गई थी, पूरे घाट दीपों से जगमग नजर आया। मां गंगा की आरती करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काशी विश्वनाथ धाम पहुंचे। यहां विधिवत पूजन-अर्चन कर पीएम मोदी ने बाबा का आशीर्वाद लिया।

### तिब्बत की आजादी की समर्थक रहीं नैंसी

# दलाई लामा से मिलने के लिए भारत पहुंची नैंसी पेलोसी



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका की प्रतिनिधि सभा की पूर्व अध्यक्ष नैंसी पेलोसी तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा से मुलाकात करने के लिए मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा हवाई अड्डे पर पहुंची। उनके साथ अमेरिका के छह सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल भी मौजूद था।

प्रदेश में बीते कई दशकों से निर्वासन में रहकर अपनी सरकार चला रहे केंद्रीय तिब्बत के प्रशासन के अधिकारियों ने पेलोसी और उनके प्रतिनिधिमंडल की अगुआई की। गौरतलब है पेलोसी वर्ष-2017 में भी तिब्बती धर्म गुरु से मिलने के लिए भारत की यात्रा कर चुकी हैं। उस समय चीन ने उनकी यात्रा का विरोध किया था और तिब्बत के मामले में दखल देने को लेकर अमेरिका को चेतावनी भी दी थी। तिब्बत के बाद तब पेलोसी ताइवान भी गईं थीं। चीन बीते लंबे समय से तिब्बत और उससे जुड़े मामलों को अपना अंतरिक मसला बताता आया है। वहीं, पेलोसी अमेरिकी के उन नेताओं में शुमार हैं जो बीते काफी लंबे समय से तिब्बत की आजादी की बड़ी मुखर समर्थक रही हैं। इसके अलावा अमेरिका ने तिब्बत से जुड़ा हुआ एक बिल भी अपनी संसद में पारित किया है। इसमें कहा गया है कि अमेरिका चीन के तिब्बत को अपना हिस्सा बताने वाले तमाम दावों को खारिज करता है और वह दुनिया में तिब्बत को लेकर फैलाए गए ड्रैगन के झूठ का जवाब देगा। अमेरिका की संसद की पूर्व अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की दलाई लामा के अलावा भारतीय अधिकारियों और देश में मौजूद अमेरिकी उद्योग से जुड़े प्रतिनिधियों से मुलाकात करने की योजना है।

### विस चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका

# अब किरण और श्रुति चौधरी ने छोड़ी कांग्रेस, आज भाजपा में होंगी शामिल

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और विधायक किरण चौधरी और उनकी बेटी व पूर्व सांसद श्रुति चौधरी ने मंगलवार को कांग्रेस पार्टी छोड़ दी। कांग्रेस से इस्तीफे के बाद आज बुधवार को नई दिल्ली में दोनों भाजपा में शामिल होंगी। भाजपा मुख्यालय में इस मौके हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री तथा केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल भी मौजूद रहेंगे। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल की पुत्रवधू किरण चौधरी ने भूपेंद्र हुड्डा के साथ अपनी अदावत के चलते कांग्रेस छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा है। विधानसभा चुनाव शुरू होने से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगने वाला है। लोकसभा चुनाव में बेटी को टिकट नहीं मिलने के बाद से पार्टी के खिलाफ हुड्डा के खिलाफ मोर्चा लगाने वाली कांग्रेस विधायक



किरण



श्रुति

किरण चौधरी ने मंगलवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उनकी बेटी पूर्व सांसद श्रुति चौधरी ने भी कांग्रेस छोड़ दी। उन्होंने अपने सभी समर्थकों को दिल्ली में पहुंचने के निर्देश दिए हैं।

किरण अपनी बेटी श्रुति के लिए भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट से कांग्रेस से टिकट मांग रही थी, मगर पार्टी ने उनकी जगह महेंद्रगढ़ से कांग्रेस विधायक राव दान सिंह को टिकट दिया। दान सिंह चुनाव हार गए और ⏩ शेष पेज 4 पर

### स्वाति मालीवाल ने लिखा पत्र

# राहुल और पवार को बताया अपना दर्द, वक्त भी मांगा



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने खुद पर कथित हमले को लेकर नई मुहिम छेड़ दी है। उन्होंने इंडिया गठबंधन में अपनी पार्टी की घेराबंदी शुरू कर दी है। मालीवाल ने एनसीपी प्रमुख शरद पवार और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी समेत कई वरिष्ठ नेताओं को लेटर लिखा है। मालीवाल ने उन्हें अपना दर्द बताते हुए मुलाकात का वक्त भी मांगा है। राहुल गांधी और शरद पवार को लिखे लेटर को मालीवाल ने अपने एक्स अकाउंट से सार्वजनिक भी किया है। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष के रूप में अपने ⏩ शेष पेज 4 पर

### सुप्रीम कोर्ट की फटकार, एनटीए को जारी किया नोटिस

# अगर किसी की ओर से 0.001% लापरवाही है तो उससे पूरी तरह से निपटा जाना चाहिए

**कोर्ट ने कहा बस कल्पना कीजिए कि एक डॉक्टर ऐसे बच्चे का इलाज कर रहा है जो इस तरह से पास हो गया है और उसकी जांच की जरूरत है।**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नीट यूजी 2024 में कथित पेपर लीक और गड़बड़ी से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) और केंद्र पर कड़ी फटकार लगाते हुए नोटिस जारी किया है। देश की सर्वोच्च अदालत की बेंच ने कहा कि किसी भी ओर से थोड़ी सी भी लापरवाही होने पर पूरी तरह से निपटा जाना चाहिए। नीट रिजल्ट 2024 गड़बड़ी ⏩ शेष पेज 4 पर



### याचिकाओं को प्रतिकूल मुकदमे के रूप में न लें

सर्वोच्च अदालत ने कहा कि बस कल्पना कीजिए कि एक डॉक्टर ऐसे बच्चे का इलाज कर रहा है जो इस तरह से पास हो गया है और उसकी जांच की जरूरत है। कोर्ट ने केंद्र और एनटीए से यह भी कहा कि वे नीट यूजी के ⏩ शेष पेज 4 पर

### पं. प्रदीप मिश्रा का एक और विवादित बयान

# हमको कुछ नहीं आता, हम तुलसीदास जी की तरह गंवार

एजेंसी ⏭ मथुरा

सीहोर जिले के कुबेरेश्वर धाम के प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं।

- राधा रानी के बाद अब इस बयान का विरोध भी शुरू

हाल ही में राधा रानी पर विवादित टिप्पणी का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि पंडित मिश्रा ने तुलसीदास जी को लेकर विवादित बयान दे दिया। जिससे वह अपने बयानों से लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं।



उनका सोशल मीडिया पर एक और वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह गोस्वामी तुलसीदास के लिए गंवार शब्द का इस्तेमाल करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस बयान से संत समाज में एक बार फिर उनके प्रति आक्रोश है। 'हरिभूमि' इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता। इस वीडियो में ⏩ शेष पेज 4 पर

### राजधानी के सैन्य अस्पताल में मंगलवार से हुई स्किन बैंक सुविधा की शुरुआत

यह पहली अनोखी स्टेट ऑफ द आर्ट सुविधा है

# आग से जलकर प्रभावित होने वाले सैन्य कर्मियों के घावों को भरेगा... होगा सेना का 'स्किन बैंक'

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

आग से जलकर प्रभावित होने वाले सैन्य कर्मियों को तत्काल बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मंगलवार को राजधानी के सेना के रिसर्च एंड रेफरल अस्पताल (आर एंड आर) में स्किन बैंक सुविधा की शुरुआत की गई है।

सेना ने एक बयान में बताया कि सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं में शुरू की गई अपनी तरह की यह पहली अनोखी स्टेट ऑफ द आर्ट सुविधा है। जिसकी मदद से आग से बुरी तरह से जले हुए और ऐसी ही अन्य स्थितियों वाले सैन्य कर्मियों और उनके परिजनों को इलाज की सुविधा प्रदान की जाएगी। सेना ने इस स्किन ⏩ शेष पेज 4 पर




### अनुभवी टीम करेगी उपचार

सेना के मुताबिक, इस स्किन बैंक में चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े हुए बेहद प्रशिक्षित अनुभवी लोगों की टीम होगी। इसमें प्लास्टिक सर्जन, टिशू इंजीनियर और विशेषज्ञ टेक्नीशियन शामिल हैं। यह लोग किसी मरीज के स्किन ग्राफ्ट्स के मामले में गुणवत्ता और सुरक्षा के उच्च मानकों के साथ एकीकरण और भरोसे को भी पुख्ता करेंगे।

**मरीजों के स्वास्थ्य में होगा सुधार:** यह केंद्र न केवल गुणवत्तापूर्ण उपचार सुविधा में इजाफा करेगा। बल्कि आग लगने से होने वाले गहरे घावों वाले प्रभावितों को सहयोग करने की क्षमता को भी मजबूती प्रदान करेगा। आर एंड आर अस्पताल के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल अजित नीलकांतन ने कहा कि स्किन टिशू से जुड़े इस समर्पित केंद्र की मदद से हम अपने मरीजों को अति प्रभावपूर्ण और उन्नत स्तर का इलाज मुहैया करा सकते हैं। अंत में इससे उनके स्वास्थ्य में सुधार होने और पुनर्वास में मदद मिलेगी।

### *स्किन ग्राफ्ट्स का भंडारण, वितरण*

*सेना ने बताया कि यह नया स्किन बैंक देशभर में स्किन ग्राफ्ट्स के एकत्रीकरण, भंडारण और वितरण के मामले में एक केंद्रीयकृत केंद्र के रूप में कार्य करेगा। जिससे अलग-अलग जगहों पर मौजूद सैन्य चिकित्सा केंद्रों को जरूरी जटिल संसाधन प्रदान किए जा सकेंगे। इस सुविधा की शुरुआत के साथ ही सशस्त्र सेनाओं ने अपने तमाम कर्मियों और उनके परिवारजनों को यह स्पष्ट कर दिया है कि वो इस केंद्र की मदद से अत्यधिक उन्नत किस्म की स्किन रिप्लेसमेंट थेरेपी यानी उपचार ले सकते हैं।*

### नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने संभव के अंतर्गत लोगों की समस्याएं सुनीं

# जनसुनवाई में 14 समस्याओं का नगर आयुक्त ने कार्रवाई के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में नगर निगम मुख्यालय में संभव जनसुनवाई हुई, जिसमें 14 शिकायतें आईं। अधिकांश निर्माण विभाग संबंधित थे। उद्यान संबंधित 3 बिजली संबंधित एक समस्या प्राप्त हुई। इसी तरह टैक्स संबंधित एक, जलकल संबंधित 3 तथा अवैध कब्जा संबंधित 2 संदर्भ प्राप्त हुए। इस प्रकार कुल 14 मामले जनसुनवाई संभव के दौरान निगम अधिकारियों ने तत्काल कार्यवाही की।

**खास बातें**

- नलकूपों पर ऑटोमेटिक स्टाटर लगाएं ताकि वे समय से चलें समय से बंद हो जाएं
- जल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए विचार-विमर्श




## जल संकट पैदा करने वाले असामाजिक तत्वों की विरुद्ध कार्रवाई की मांग

कई पार्षद भी जनसुनवाई के दौरान नगर आयुक्त से मिले तथा शहर के विकास को लेकर तथा बढ़ती गर्मी में जल व्यवस्था को सुदृढ़ करने को लेकर विचार विमर्श किया। विजयनगर जोन वार्ड संख्या 3, पुराना विजयनगर क्षेत्रीय निवासियों तथा पार्षद भारत गौतम ने नगर आयुक्त से क्षेत्र में जल संकट पैदा करने वाले असामाजिक तत्वों की विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

क्षेत्रीय निवासी तथा पार्षद ने बताया कि वार्ड संख्या 3 पुराना विजयनगर व आसपास की गलियों में लगभग 10 दिन में 13 मोटर बदली गई है। आशंका है कि चलती हुई मोटर को खराब किया जा रहा है जिस पर जल संकट पैदा हो रहा है। वार्ड संख्या 3 के अंतर्गत रामलीला ग्राउंड 30 एच पी नलकूप की एक सप्ताह में पांच मोटर बदली गई, के ब्लॉक नलकूप की चार मोटर एक सप्ताह में बदली गई, सब्जी मंडी रविदास कॉलोनी गेट के तरफ लगे नलकूप की दो मोटर चार दिन में बदली गई, इसी प्रकार एच ब्लॉक तिकोना पार्क की भी मोटर एक सप्ताह में दो बार बदली गई, क्षेत्रवासियों ने दो चौकीदार की मांग भी नगर आयुक्त के सामने रखी। इस पर नगर आयुक्त ने तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करते हुए नलकूपों पर स्टाटर लगाने के लिए निर्देश दिए जिससे ऑटोमेटिक नलकूप समय से चले समय से बंद हो सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देश दिए गए ।

**खबर संक्षेप**


### फ्लैट में अकेले रह रहे बुजुर्ग का मिला शव

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र की शिप्रा रिवेरा सोसाइटी के बी-ब्लॉक के फ्लैट नंबर-68 में अकेले रह रहे बुजुर्ग का शव मिला। बदबू आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मदद से दरवाजा तोड़कर शव को कब्जे में लेकर स्वजन को सूचना दी। पुलिस को बीमारी से मौत का अंदेशा है।



### बाइक चोरी करने का आरोपी काबू

**गुरुग्राम।** फर्रुखनगर क्राइम ब्रांच ने बाइक चोरी करने के आरोपी को काबू किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरी की गई एक बाइक बरामद कर कार्रवाई शुरु कर दी है। फर्रुखनगर थाना में एक व्यक्ति ने शिकायत के बाद पुलिस ने केस आरोपी को केएमपी एक्सप्रेस-वे फ्लाईओवर सुल्तानपुर, गुरुग्राम से काबू कर लिया। आरोपी की पहचान खुशीराम निवासी फर्रुखनगर के रुप में हुई।



### अवैध नशीले पदार्थ सहित आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** सेक्टर-39 क्राइम ब्रांच ने अवैध नशीले पदार्थ सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से कब्जा से 11 ग्राम एमडीएमए व एक बाइक बरामद कर सदर थाना में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है। सेक्टर-39 क्राइम ब्रांच के प्रभारी इंस्पेक्टर विश्व गौरव को सूचना मिली कि बाइक पर सवार युवक के पास अवैध नशीला पदार्थ है। टीम ने मौके पर दबिश मार आरोपी को धर-दबोचा।



### पेशी बेल जंपर गिरफ्तार अदालत में पेश

**गुरुग्राम।** सेक्टर-10 क्राइम ब्रांच ने अदालत के आदेशों की अवहेलना करने वाले बेल जंपर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सुनील शर्मा को पुलिस ने अदालत के समक्ष पेश कर दिया। शर्मा को अदालत द्वारा जमानत पर छोड़ा गया था। अदालत ने आरोपी को निश्चित तारीख पर पेश होने के आदेश दिए थे। लेकिन आरोपी निश्चित तारीखों पर अदालत के सम्मुख पेश नहीं हुआ। इसलिए उसे बेल जंपर घोषित किया।



### उद्घोषित अपराधी गिरफ्तार अदालत में पेश

**गुरुग्राम।** मेट्रो थाना पुलिस ने अदालत के आदेशों की अवहेलना करने वाली उद्घोषित अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पुलिस ने अदालत के समक्ष पेश कर दिया। आरोपी कस्तूरी देवी को अदालत के आदेशों की अवहेलना करने पर अदालत द्वारा उद्घोषित अपराधी घोषित किया गया था। जिसको मैट्रो थाना पुलिस ने राजीव चौक, गुरुग्राम के निकट से काबू कर नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया।



### अधिकारियों से 24 घंटे में जल प्रदाय व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग, ज्ञापन सौंपा

# जल प्रदाय समस्याः सैनिक कॉलोनी व एसजीएम नगर के लोगों ने किया एफएमडीए का घेराव

> प्रदर्शनकारियों में इतना आक्रोश था कि एफएमडीए अधिकारियों द्वारा कोई उचित आश्वासन न दिए जाने और किसी उच्च अधिकारी के मौजूद न होने के चलते लोग कार्यालय के अंदर ही डेरा डालकर बैठ गए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जल प्रदाय व्यवस्था से आहत सैनिक कॉलोनी, एसजीएम नगर एवं शिवदुर्गा विहार, दयालबाग के सैंकड़ों लोगों ने मंगलवार को कांग्रेस नेता विजय प्रताप के नेतृत्व में फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण के सैक्टर-12 स्थित कार्यालय पर जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों में इतना आक्रोश था कि एफएमडीए अधिकारियों द्वारा कोई उचित आश्वासन न दिए जाने और किसी उच्च अधिकारी के मौजूद न होने के चलते लोग कार्यालय के अंदर ही डेरा डालकर बैठ गए। कांग्रेस नेता ने कहा कि बड़े शर्म और अफसोस की बात है कि एफएमडीए जैसी एजेंसी रैनीवेल योजना जो की कांग्रेस के समय में लगभग 450 करोड़ रुपए लगाकर पूरी की गई थी।



### 50 से ज़्यादा सरकारी ट्यूबवेलों पर पानी माफियाओं का कब्जा

यह भी बताया कि शिवदुर्गा विहार में 50 से ज़्यादा सरकारी ट्यूबवेलों पर पानी माफिया ने ताले लगाकर कब्जा कर रखा है और लगभग हर घर से 500 रुपए हर महीने जबरन वसूली ये माफिया कर रहा है जिस पर भी कार्यवाही का निर्देश होना चाहिए नहीं तो वो ख़ुद रविवार को जाकर इन सभी ट्यूबवेलों को माफिया मुक्त करेंगे।

### घरों में 4-4 दिन से पानी नहीं आ रहा

विजय प्रताप ने एफएमडीए अधिकारियों से स्पष्ट रूप से कहा कि पानी जैसी मूलभूत सुविधा भी आप लोगों को नहीं दे पा रहे, ऐसे में इस एजेंसी का क्या फायदा। उन्होंने कहा कि पानी भी पिक एण्ड चूज के हिसाब से दिया जा रहा है। इन कॉलोनियों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है उन्होंने कहा कि लोगों के घरों में 4-4 दिन से पानी नहीं आ रहा। ऐसे में मजबूरनवश लोग पानी के टैंकर मंगाकर पानी पीने को मजबूर हैं। विजय प्रताप ने कहा सैनिक कॉलोनी, एसजीएम नगर एवं शिव दुर्गा विहार में कम से कम 4 लाख लोग रहते हैं, लेकिन लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। इतनी भीषण गर्मी में लोग पानी के लिए परेशान हैं, लेकिन सत्ताधारी लोग संवेदनहीन की तरह तमाशा देख रहे हैं।

# 3 दिन से लापता संजय को तलाशने में नाकाम सेक्टर 3 वासियों ने किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद।

सेक्टर तीन से सेक्टर-16 कोचिंग सेंटर में नीट की कोचिंग लेने गया संजय को बरामद करने में नाकाम पुलिस द्वारा परिजनों से बदतमीजी करने से गुस्साए नागरिकों ने मंगलवार को पुलिस चौकी में पहुंचकर प्रदर्शन किया। गुस्साए नागरिकों ने इससे पहले सेक्टर के मेन रोड़ पर बैठकर धरना प्रदर्शन किया और उसके बाद पुलिस चौकी में पहुंचकर घेराव किया और जमकर पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व सेक्टर तीन रेजिडेंट वेलफेयर फेडरेशन के प्रधान सुभाष लांबा, सचिव रतनलाल राणा आदि कर रहे थे और प्रदर्शन में सुरेश गौतम, सत्यम, कर्मवीर सिंह, मधु कौशिक, सौरभ, सरोज व मोहन के अलावा सैकड़ों महिला एवं पुरुषों ने प्रदर्शन में भाग लिया। संजय के पिता

### पुलिस ने किया एक विशेष टीम का गठन

मामला बिगड़ता सेक्टर आठ एसएचओ मनोज कुमार पुलिस बल के साथ चौकी में पहुंचे। उन्होंने नागरिकों को आश्वस्त किया कि पुलिस ने इस मामले में एक विशेष टीम का गठन किया है कि तीन दिन के अंदर लापता संजय की बरामदगी कर ली जाएगी। उन्होंने कहा कि परिजनों के साथ बदतमीजी करने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें लाइन हाजिर किया जाएगा। इसके बाद मामला शांत हुआ। सेक्टर तीन रेजिडेंट वेलफेयर फेडरेशन के अध्यक्ष ने इस अवसर पर पुलिस

### नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत पुलिस की प्रभावी कार्रवाई

# डॉग स्क्वाड टीम की मदद से चलाया गया तलाशी अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा के निर्देशानुसार गुरुग्राम पुलिस द्वारा नशा मुक्त भारत पखवाड़ा को नियमित व प्रभावी रूप से चलाया जा रहा है। इस नशा मुक्ति अभियान के तहत पुलिस कमिश्नर के मार्गदर्शन में गुरुग्राम पुलिस लोगों को प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से नशा करने के दुष्प्रभाव, नशा करने के आदि लोगों के नशा मुक्ति, उनके पुनर्वास के संबंध में जागरूक कर रही है। वहीं मादक पदार्थो को रखने/बेचने व तस्करी करने वालों के खिलाफ भी गुरुग्राम पुलिस द्वारा तत्परता से कार्यवाही की जा रही है।

### डॉयल-112 पर पुलिस को तुरंत सूचना दें

गुरुग्राम पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के उद्देश्य से मादक/नशीले पदार्थ बेचने/रखने वाले स्थानों को चिन्हित किया जा रहा है ताकि जिले को नशा मुक्त बनाया जा सके। इसी कड़ी में गुरुग्राम पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ बेचने/रखने या तस्करी करने वाले विभिन्न स्थानों को चिन्हित करके थाना सेक्टर-56, गुरुग्राम की पुलिस टीम व डॉग स्क्वाड की टीम ने मादक पदार्थ सूंघने वाले कुत्तों की मदद से मादक पदार्थ बेचने/रखने या तस्करी करने वाले चिह्नित स्थानों पर तलाशी अभियान चलाकर कार्यवाही की गई। इस दौरान पुलिस टीमों द्वारा मादक पदार्थों के हॉटस्पॉट प्वाइंट्स गाँव घाटा, गुरुग्राम की झुग्गियों में तलाशी की गई। गुरुग्राम पुलिस द्वारा लोगों से अपील भी की जाती है कि किसी के पास प्रतिबंधित नशे/मादक पदार्थ रखने/बेचने व तस्करी करने से संबंधित कोई भी जानकारी हो तो किसी भी उचित माध्यम से या डॉयल-112 पर निसंकोच होकर पुलिस को तुरंत सूचना दें।



### जिला अस्पताल में मनाया गया विश्व क्लबफुट दिवस

> हर 800 नवजात में से एक बच्चा इस बीमारी से प्रभावित

# समय से इलाज मिले तो अपने पैरों पर चल सकता है क्लबफुट से ग्रसित बच्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

स्वास्थ्य विभाग ने अनुष्का फाउंडेशन के सहयोग से जिला एमएमजी अस्पताल में मंगलवार को विश्व क्लबफुट दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जन्मजात विकृतियों के बारे में बताया गया। जिला अस्पताल आर्थो सर्जन डॉ. रविंद्र सिंह राणा, डीईआईसी मैनेजर विकास कुमार और अनुष्का फाउंडेशन से प्रोग्राम एक्जीक्यूटिव प्रीति खंडूरी ने क्लबफुट के चिकित्सकीय प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

आर्थो सर्जन डॉ. रविंद्र राणा ने कहा कि क्लबफुट एक जन्मजात विकृति है, जिससे कि हर 800 नवजात में से एक बच्चा प्रभावित होता है। देश में हर साल 33 हजार बच्चे इस विकृति के साथ पैदा होते हैं। अगर समय से इलाज मिल जाए तो वह अपने पैरों पर खड़ा हो सकता है और सामान्य बच्चों की तरह अपना जीवन व्यतीत कर सकता है।



### क्लबफुट 9 जन्मजात दोषों में से एक

स्वयंसेवी संस्था अनुष्का फाउंडेशन फॉर एलिमिनेटिंग क्लबफुट पिछले पांच साल से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के साथ काम कर रही है। क्लबफुट 9 जन्मजात दोषों में से एक है, जिसे राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम द्वारा प्राथमिकता दी गई है। अनुष्का फाउंडेशन से प्रोग्राम एक्जीक्यूटिव प्रीति खंडूरी ने बताया कि जनपद में क्लबफुट से पीड़ित 150 से भी अधिक बच्चों का इलाज संस्था करवा रही है। पोन्सेटी पद्धति से पीड़ित सभी बच्चों का आसानी से उपचार किया जा सकता है। क्लबफुट का यदि सही समय पर उपचार नहीं कराया जाए तो बच्चा जीवन भर के लिए दिव्यांग हो सकता है।

### यह न तो ग्रहण की वजह से और न ही मां से बच्चे को मिलती है

क्लबफुट क्यों होता है इसका कोई विशिष्ट कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। इस समस्या में मां अथवा बाप का कोई हाथ नहीं है। यह विकृति न तो ग्रहण की वजह से होती है और न ही मां से बच्चे को फैलती है।

उन्होंने बताया कि संस्था की ओर से इसका उपचार मुहैया कराया जाता है, जिसका कोई शुल्क नहीं लगता है। अनुष्का फाउंडेशन के सहयोग से हर मंगलवार को जिला एमएमजी अस्पताल में क्लबफुट से पीड़ित बच्चों का इलाज किया जाता है।

### 15 जून से 21 जून तक मनाया जा रहा है योग सप्ताह

# योग को अपना लिया तो तमाम रोगों से स्वतः ही बचाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद।

दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 के अंतर्गत 15 जून से 21 जून तक मनाए जाने वाले योग सप्ताह के चतुर्थ दिवस पर रिजर्व पुलिस लाइन गाजियाबाद में जिला प्रशासन एवं आयुर्वेद विभाग के तत्वाधान के आयोजित योग अभ्यास कार्यक्रम का बृहद रूप से आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय पुलिस कर्मियों/अधिकारियों सहित बहुसंख्या में लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। उद्घाटन भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष मयंक गोयल ने बतौर मुख्य अतिथि किया।

अपने उद्बोधन में मयंक गोयल ने योग की महत्ता पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए बताया कि दैनिक जीवन में यदि योग को अपना लिया जाए तो तमाम रोगों से स्वतः ही बचाव संभव है, आयुर्वेद एवं योग ऐसी पद्धति है जिसके नित प्रयोग एवं अभ्यास से रोगों से बचाव तथा रोगोन्मूलन संभव है। कार्यक्रम में उपस्थित योग साधकों को प्रसिद्ध एवं ख्यातिलब्ध योगाचार्य यश पाराशर ने निर्धारित योग प्रोटोकाल के अनुसार योगाभ्यास कराया सहायक के रूप में योग प्रशिक्षिका सारिका सिंह ने अपना योगदान प्रदान किया।



इस अवसर पर आयुर्वेद विभाग गाजियाबाद के समस्त चिकित्साधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अशोक कुमार राना ने उपस्थित अतिथियों एवं योग साधकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये सभी से अपने दैनिक जीवन मे योग को अपनाने का आवाहन किया। भव्य कार्यक्रम के सफल आयोजन में पुलिस लाइन के आरआई तथा नोडल अधिकारी डॉ. कुलदीप राज का विशेष योगदान रहा, मंच संचालन श्रीमती पूनम शर्मा द्वारा किया गया।

### दोस्त का फोन हैक कर युवक से 30 हजार ठगे

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम थाना वेस्ट एरिया में जालसाज ने युवक के दोस्त का फोन हैक कर उससे 30 हजार रुपए की ठग लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है। शिकायत में जींद के उचाना निवासी सतीश कुमार ने कहा कि वह गुरुग्राम के सेक्टर-5 में रहता है। उसके पास गत दिवस एक कॉल आई। जिसमें फोन करने वाले ने कहा कि वह उसका दोस्त महेश बोल रहा है। महेश की बहादुरगढ़ में मेडिकल स्टोर है। उसने सतीश से कहा कि उसे शॉप में दवाएं खरीदने के लिए 30 हजार रुपए की जरूरत है। सतीश ने दिए हुए नंबर पर 30 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। फिर उसी नंबर से 20 हजार रुपए मांगे तो सतीश ने महेश को उसके दूसरे नंबर पर कॉल करने पर पता चला फोन हेक हुआ है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम हिसार | एनएच-9, एमसी हिसार में हिसार दावारा हेतु अपेक्षित नये और अतिरिक्त कार्य + 10 कार्य। | बंद होने की तिथि 26.06.2024 | 5.21 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 01662-237001 xenmchissar@gmail.com |
| 2 | नगर निगम हिसार | सेक्टर-15, वार्ड नं. 16, एम.सी. हिसार में विभिन्न बिटुमैन रोड का निर्माण + 12 कार्य। | बंद होने की तिथि 03.07.2024 | 15.33 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 01662-237001 xenmchissar@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/26866/I/88/7 दि. 18.06.24

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | जीजीएमएसपी स्कूल, गांधी नगर, रोहतक में आरईजी. फ्लोरिंग और दरवाजों इत्यादि का विकास कार्य + 2 कार्य। | 17.06.2024 24.06.2024 | 14.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813082444 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | एमसी रोहतक के विभिन्न वार्डों में (गढ़ी बोहर, रैनकपुरा कॉलोनी, रामजोडी कॉलोनी, जसबीर कॉलोनी, मेडिकल मोड़, गांव सुनारियां) पब्लिक पार्क का निर्माण। | 17.06.2024 01.07.2024 | 1015 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813082444 xenmcrohtak@gmail.com |
| 3 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 13, एम.सी. रोहतक में झंग कॉलोनी में विजय पार्क, वर्धमान पार्क और एकता पार्क के अपग्रेडेशन हेतु आकलन। | 15.06.2024 01.07.2024 | 38.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813082444 xenmcrohtak@gmail.com |
| 4 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 3, एम.सी. रोहतक में पांडव नगर में सुरेन्द्र सहगल के मकान से दीपक डेनी और श्री गणेश इंटरप्राइजेज वाली गली और अप्रोच गली में आईपीबी टाइल का निर्माण + 4 कार्य। | 15.06.2024 21.06.2024 | 48.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813082444 xenmcrohtak@gmail.com |
| 5 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 5, एम.सी. रोहतक में माता दरवाजा तालाब की रिफिलिंग और पानी निकालने हेतु 10 एचपी मोटर का प्रावधान व फिक्सिंग तथा मोटर के लिए पम्प रूम के निर्माण हेतु आकलन + 6 कार्य। | 14.06.2024 21.06.2024 | 40.16 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813082444 xenmcrohtak@gmail.com |
| 6 | नगर निगम रोहतक | डेयरी कॉम्पलैक्स, कन्हेली रोड, रोहतक में विकास कार्य। | 14.06.2024 05.07.2024 | 1659.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813082444 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/120/26867/I/88/7 दि. 18.06.24

**गुमशुदा/अपहृत की तलाश**


विवेक

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़का जिसका नाम **विवेक कुमार पुत्र** कैलाश राम **पताः** क्वार्टर न. 155 (शॉ क्वार्टर) के पास, अम्बेडकर स्टेडियम, दिल्ली गेट, दिल्ली, जो अपने घर से दिनांक 03.06.2024 से लापता/अपहृत है। इस बाबत **FIR No. 182/24, U/s: 363 IPC, दिनांकः 05.06.2024, थानाः आई.पी. एस्टेट, जिला सेन्ट्रल, दिल्ली** में दर्ज है। इसका शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार से है:

**उम्रः** 14 साल, **कदः** 5'4'', **रंगः** गेहूँआ, **शरीरः** मध्यम, **चेहराः** लम्बा, **पहनावाः** भूरे रंग की पैंट, हरे रंग की टी-शर्ट और पैरों में हवाई चप्पल पहने है, स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता व्यक्ति के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

**फोनः 011-24368638, 24368641**
**वेबसाईटः http://cbi.nic.in**
**ई-मेलः cic@cbi.gov.in**
**फैक्सः 011-24368639**
**DP/7127/CD/2024**

थानाध्यक्ष
थानाः आई.पी. एस्टेट, जिला सेन्ट्रल, दिल्ली
फोनः 011-28862577

**गुमशुदा/अपहृत की तलाश**


हरि चन्द्र

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम **हरी चन्द्र पाण्डे पुत्र** दूध नाथ पाण्डे **पताः** हरनामार गांव थाना जिला गिलोला श्रावस्ती, उत्तर प्रदेश, जो मकान नं. टी-8 संत नगर रानी बाग से दिनांक 10.02.2024 से लापता/अपहृत है। इस बाबत **DD No. 62A, दिनांकः 10.02.2024, थानाः रानी बाग, दिल्ली** में दर्ज है। इसका शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार से है:

**उम्रः** 33 साल, **कदः** 5'4'', **रंगः** गोरा, **चेहराः** लम्बा, **शरीरः** मध्यम, **पहचान चिन्हः** सीधे हाथ पर **"Shankar"** नाम का टैटू, **पहनावाः** भूरे रंग का स्वेटर व सफेद जींस, पैरो में नीले रंग के जूते पहने है, स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता व्यक्ति के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

**फोनः 011-24368638, 24368641**
**वेबसाईटः http://cbi.nic.in**
**ई-मेलः cic@cbi.gov.in**
**फैक्सः 011-24368639**
**DP/7140/OD/2024**

थानाध्यक्ष
थानाः रानी बाग, दिल्ली
फोनः 011-27015329, 8744002373


हरियाणा सरकार
"समर्पित श्रम और सृजन कौशल के धनी श्रमिक भाई देश व प्रदेश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते रहे हैं। हरियाणा सरकार का सदैव प्रयास रहा है कि हम इनकी मूलभूत जरूरतों के साथ-साथ इन्हें आधुनिक सुविधाएँ भी उपलब्ध करवाते रहें।"
- नायब सिंह
"सरकार का मार्ग 'श्रम की गरिमा', 'आत्मनिर्भर श्रमिक' और 'गरीबों का कल्याण' है।"
- नरेन्द्र मोदी
श्रमेव जयते !
श्रमिक जागरूकता एवं सम्मान समारोह
निर्माण श्रमिकों को 18 योजनाओं के एक लाख से अधिक लाभों का वितरण
दिनांक - 19 जून, 2024 । समय - प्रातः 9 बजे
स्थान - नई अनाज मंडी, रोहतक रोड, जींद
राज्य स्तरीय समारोह
मुख्य अतिथि
श्री नायब सिंह
मुख्यमंत्री, हरियाणा
विशिष्ट अतिथि
श्री मूल चंद शर्मा
श्रम मंत्री, हरियाणा
श्रमिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की सुविधा
नई पहल
• श्रमिक पंजीकरण प्रोत्साहन योजना - अब निर्माण श्रमिकों को पंजीकरण पर ₹1100 की वित्तीय सहायता दी जाएगी।
• कन्यादान एवं विवाह सहायता की 75 प्रतिशत राशि विवाह के तीन दिन पूर्व मिलेगी।
• निर्माण श्रमिकों को ₹3,500 प्रतिमाह की दर से वृद्धावस्था पेंशन दी जाएगी।
सभी निर्माण श्रमिक सादर आमंत्रित हैं
कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें
श्रम विभाग, हरियाणा
सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

# लोकसभा चुनाव में बना रिकॉर्ड कभी नहीं तोड़ा जा सकता: डॉ. यादव

◆ हम हार की समीक्षा करते हैं तो जीत की भी: वीडी ◆ प्रदेश भाजपा ने की लोकसभा चुनाव की समीक्षा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश भाजपा कार्यालय में लोकसभा चुनाव की समीक्षा बैठक के बाद मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि इस बार जो रिकार्ड बना है, उसे कभी तोड़ा नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि भाजपा का वोट हर बार बढ़ रहा है, लेकिन पहली बार पार्टी को किसी चुनाव में 60 फीसदी वोट मिला, जबकि कांग्रेस 30 फीसदी में सिमट कर रह गई।

डॉ. यादव ने कहा कि इसके लिए भाजपा का हर कार्यकर्ता और नेता बधाई का पात्र है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि इस बैठक से साफ हो गया कि हम चुनाव में हार की ही समीक्षा नहीं करते, जीत की भी समीक्षा करते हैं और मेहनत के लिए कार्यकर्ताओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। डॉ. यादव और शर्मा बैठक के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। बैठक को डॉ. यादव और शर्मा के अलावा पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा एवं लोकसभा चुनाव प्रदेश सह प्रभारी सतीश उपाध्याय ने भी संबोधित किया।

मंच पर लोकसभा चुनाव प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवडा, राजेन्द्र शुक्ला, प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, लोकसभा चुनाव के प्रदेश संयोजक हेमंत खण्डेलवाल भी मौजूद रहे।




### भाजपा ने किया एक नया प्रयोग

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोकसभा चुनाव में रिकार्ड जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इनके ही नेतृत्व में पार्टी को इतनी बड़ी जीत मिली। जीत पार्टी की एकजुटता का भी नतीजा है। डॉ. यादव ने कहा कि इस चुनाव में पार्टी ने एक नया प्रयोग किया। बड़े शहरों में सभाएं करने की बजाय रोड शो किया गया। इसके जरिए हम ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं के दिलों तक अपनी बात पहुंचाने में सफल रहे और खर्च भी कम आया। बैठक में मौजूद सभी सांसदों, विधायकों, पदाधिकारियों ने भी अपने अनुभव साझा किए। डॉ. यादव ने कहा कि इस सफलता और वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं।

### 24 जून से मनाई जाएगी दुर्गावती जयंती

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमने निर्णय लिया है कि 24 जून से उस वीरांगना दुर्गावती की जयंती पूरे साल मनाई जाएगी, जिन्होंने सम्राट अकबर को युद्ध में कड़ी टक्कर दी थी। डॉ. यादव ने भरोसा व्यक्त किया कि आने वाले समय में सरकार और अच्छा करेगी। भविष्य के डेवलपमेंट के प्लान हम बना रहे हैं। इसके लिए सभी विधायकों और अन्य जनप्रितिनिधियों से सुझाव देने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई कि जनता का विश्वास और कैसे हासिल किया जा सकता है।

### भाजपा ने 80 फीसदी बूथों में दर्ज की जीत: वीडी

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि पार्टी ने जो तय किया था, लोकसभा चुनाव के नतीजे उसी तरह आए। हमने प्रदेश के 80 फसदी बूथों में जीत दर्ज की और अपेक्षा के अनुसार वोट बैंक भी बढ़ाया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में पार्टी ने सभी 29 सीटें जीतीं, इसके बाद भी हमने लोकसभा चुनाव की समीक्षा की और सभी के अनुभव सुने। शर्मा ने कहा कि बैठक में आगे के कार्यक्रमों पर भी चर्चा हुई। अब हमारी कोशिश होगी कि हम शत प्रतिशत बूथ जीतें। भाजपा के कार्यकर्ता यह करके दिखाएंगे। उनमें यह सब करने की क्षमता है।

सत्ता-संगठन के समन्वय से अगले 4 साल के विकास का रोडमैप बनाएंगे

# जनता ने विपक्ष के मिथ्या आरोपों को नकार कर भाजपा को दिलाई ऐतिहासिक विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि लोकसभा चुनाव में विपक्ष ने देश भर में एक नैरेटिव सेट किया था, जिसे लेकर मप्र में भी विपक्ष ने भाजपा के खिलाफ खूब दुष्प्रचार किया कि 400 सीटें जीतने पर भाजपा संविधान बदल देगी। देशभर में आरक्षण समाप्त कर देगी। लेकिन यहां की जनता ने विपक्ष के मिथ्या आरोपों को पूरी तरह से नकार कर भाजपा को ऐतिहासिक विजय दिलाई है। उन्होंने कहा कि यह विषय अभी समाप्त नहीं हुआ है। कांग्रेस, इंडी गठबंधन और अन्य विपक्षी दलभाजपा के खिलाफ इस प्रकार के दुष्प्रचार करेंगे। विपक्षी दलों के दुष्प्रचार का तथ्यों के साथ जवाब देना होगा।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को संभाग प्रभारी, लोकसभा संयोजक, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारियों की बैठक में लोकसभा चुनाव परिणामों की समीक्षा की गई। इस मौके पर राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश चुनाव प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, सह प्रभारी सतीश उपाध्याय एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने संबोधित किया। बैठक में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल एवं जगदीश देवड़ा, चुनाव अभियान समिति के संयोजक हेमंत खंडेलवाल मौजूद थे। संचालन प्रदेश महामंत्री एवं विधायक भगवानदास सबनानी ने किया।

## संभाग प्रभारी, लोकसभा संयोजक, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारियों की बैठक

## कार्यकर्ताओं के प्रयास एवं नेतृत्व के परिश्रम से मिली चुनावों में ऐतिहासिक विजय




### लोस की समीक्षा के दौरान में आए सुझाव पर अमल होगा: शिवप्रकाश

राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि लोकसभा चुनाव जीतने के लिए मप्र में जो प्रयास हुए हैं, वह बहुत अच्छे प्रयास हैं। सभी अच्छे प्रयासों की एक रिपोर्ट तैयार की जाए और पार्टी के प्रदेश संगठन को सौंपें, ताकि उस तरह के प्रयास आगे भी किए जा सकें। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र में चुनावी सभा में जो कहा था, राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र की जनता ने उसे पूरा करके कांग्रेस प्रत्याशी को अच्छे वोटों से हराया है। मप्र में लोकसभा की सभी 29 सीटों पर भाजपा ने ऐतिहासिक विजय प्राप्त की है। लोकसभा चुनाव की समीक्षा के दौरान जो भी सुझाव आ रहे हैं, पार्टी उन पर गंभीरता से विचार करेगी। इसे लेकर पार्टी क्या करना है, उस पर भी कार्य होगा।

### हमने 100 प्रतिशत नहीं, 120 प्रतिशत रिजल्ट दिया: डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि लोकसभा के चुनाव में सभी 29 सीटों पर ऐतिहासिक विजय प्राप्त हुई है। इस चुनाव मे हम छिंदवाड़ा लोकसभा भी जीते हैं और हमने 100 प्रतिशत नहीं, बल्कि 120 प्रतिशत परिणाम दिया है। आप सभी कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव की इस जीत के हकदार हैं। इस चुनाव में भाजपा ने जो रिकॉर्ड बनाया है, वह भविष्य में कोई तोड़ नहीं सकता। भविष्य में कोई दल सभी 29 सीटें जीतता है तो वह हमारे रिकॉर्ड की सिर्फ बराबरी करेगा, तोड़ नहीं पाएगा। डॉ. यादव ने कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद सत्ता संभालने के कुछ ही समय बाद लोकसभा चुनाव की आचार संहिता प्रभावी हो गई, विकास कार्यों को करने के लिए अधिक समय नहीं मिला था। अब आने वाले दिनों में प्रदेश के सभी विधायकों, जिला अध्यक्षों के साथ प्रदेश संगठन के साथ मिलकर आगामी 4 वर्ष के विकास का रोडमैप बनाएंगे।

### चुनाव जीतने के लिए मप्र जैसा आदर्श संगठन होना चाहिए: लोकसभा चुनाव प्रभारी डॉ. महेन्द्र

लोकसभा चुनाव प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि चुनाव जीतने के लिए किस तरह का संगठन होना चाहिए, यह मप्र से दूसरे राज्यों को सीखना चाहिए। मैं कई राज्यों में चुनाव कार्य देखा है, लेकिन मप्र जैसे कार्यकर्ता मैंने नहीं देखा। मप्र में कार्यकर्ताओं की बहुत अच्छी टीम है, जो दिए गए कार्यों को टीम भावना के साथ बहुत अच्छे से कार्यों को पूरा करते हैं। मप्र में पार्टी का आदर्श संगठन है, जिसकी देशभर में सराहना होती है। लोकसभा चुनाव के प्रदेश सह प्रभारी सतीश उपाध्याय ने कहा कि समीक्षा हमारी कार्यपद्धति का आधार है। भाजपा संगठन 100 में से 100 अंक हासिल करके भी अपने काम की समीक्षा करता है। प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि जीत के रास्ते पर हम लगातार आगे बढ़ रहे हैं। 2014 के लोकसभा चुनाव में हमने 27 सीटें जीती थीं, 2019 के चुनाव में 28 जीतीं और 2024 के चुनाव में हमने सभी 29 सीटों पर जीत हासिल की है।

### सजग प्रहरी की तरह हर बूथ पर तैनात रहे कार्यकर्ता: शर्मा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान विपक्षी दलों ने देशभर में जो वातावरण बनाने का प्रयास किया, उसका प्रभाव मप्र में कहीं दिखाई नहीं दिया। इसका कारण यह था कि हर बूथ जीतने के संकल्प के साथ पार्टी का कार्यकर्ता एक सजग प्रहरी की तरह हर बूथ पर तैनात था। विधानसभा चुनाव में हमें 8 प्रतिशत अधिक वोट मिले थे। लोकसभा चुनाव में भी हमारा वोट प्रतिशत करीब 1.5 प्रतिशत बढ़ा है। हमने 75 से 80 प्रतिशत बूथों पर जीत हासिल करके इतिहास बनाया है।

# 6 बार के विधायक व 6 बार के सांसद शिवराज ने विधानसभा की सदस्यता से दिया इस्तीफा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री व बुधनी से विधायक शिवराज सिंह चौहान ने विदिशा लोकसभा क्षेत्र से सांसद चुने जाने के बाद बुधनी विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफे की घोषणा के वक्त वे काफी भावुक हो गए थे। उन्होंने सोमवार को अपना इस्तीफा विधानसभा सचिवालय को भेजा है। उनके इस्तीफे पर फैसला जल्दी ही विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर लेंगे।

विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह ने बताया कि विधायक व सांसद दोनों चुने जाने के बाद एक पद से इस्तीफा देने का नियम है। इस वजह से पूर्व मुख्यमंत्री चौहान ने बुधनी विधानसभा सदस्य के पद से इस्तीफा दिया है। जल्दी ही उनका इस्तीफा स्वीकार किया जाएगा। गौरतलब है कि विदिशा से लोकसभा सदस्य चुने जाने के बाद चौहान को केंद्र सरकार में कृषि व ग्रामीण विकास मंत्री बनाया गया है।

### इस्तीफे की घोषणा करते समय भावुक हो गए पूर्व सीएम चौहान

केंद्रीय मंत्री चौहान बुधनी से इस्तीफे की घोषणा करते वक्त भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि आज मैं बहुत भावुक हूं। मप्र विधानसभा की सदस्यता से त्यागपत्र दिया है। बुधनी से विधायक था और बुधनी विधानसभा क्षेत्र की जनता मेरे रोम- रोम में रमती है, मेरी हर सांस में बसती है। मैंने बुधनी से ही अपने सार्वजनिक जीवन की शुरूआत की थी। बचपन से ही आंदोलन किए और फिर जनता का प्यार लगातार मिलता चला गया। उन्होंने कहा कि इसी बुधनी विधानसभा क्षेत्र से छह बार विधायक रहा, सांसद के चुनाव में भी छह बार इस जनता ने भारी बहुमत से मुझे जिताया। पिछला विधानसभा का चुनाव मैंने रिकॉर्ड एक लाख 5 हजार वोटों से जीता था। अभी लोकसभा में इसी जनता ने मुझे बुधनी विधानसभा एक लाख 46 हजार वोटों से जिताया। बुधनी की जनता की सेवा मैंने पूरे मन से की है, क्योंकि जनता की सेवा ही मेरे लिए भगवान की पूजा है और इस जनता ने भी मुझे भरपूर प्यार दिया है, आशीर्वाद दिया है। जनता के इस प्यार पर मेरा पूरा जीवन न्यौछावर है और अपनी संपूर्ण क्षमता के साथ मैं जनता की सेवा में लगा रहूंगा। जनता को प्रणाम करता हूं।

जुर्माना की राशि नहीं पटाने वाले संचालकों पर प्रकरण दर्ज

# शासकीय उचित मुल्य की दुकानों में भारी भ्रष्टाचार खाद्य विभाग की शिकायत पर जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

कोरबा शहर में संचालित होने शासकीय उचित मुल्य की दुकानों में भारी भ्रष्टाचार हुआ है। मामले को खाद्य विभाग ने गंभीरता से लिया और रिकवरी का नोटिस जारी करने के बाद भी जुर्माना की राशि नहीं पटाने वाले संचालकों के खिलाफ अपराध दर्ज करने संबंधित थाना-चौकी में शिकायत दर्ज कराई है,जिसके आधार पर पुलिस ने अपनी कार्रवाई शुरु कर दी है।



कोरबा शहर के साकेत नगर, दादरखुर्द, भिलाई खुर्द और डिंगापुर में संचालित होने शासकीस उचित मुल्य की दुकान का संचालन करने वाले स्व सहायता समूह ने बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया है। सरकारी अनाजों की हेर-फेर कर सरकार को लाखों का चूना लगाया है। मामला सामने आने के बाद खाद्य विभाग ने संबंधितों को नोटिस जारी कर रिकवरी के लिए नोटिस भेजा था,लेकिन किसी ने भी जुर्माना नहीं पटाया यही वजह है कि खाद्य विभाग ने संबंधित थाना चौकी में शिकायत कर अपराध दर्ज कराया है। बताया जा रहा है कि दादर सोसायटी से 24 लाख, सिविल लाइन थाना क्षेत्र में संचालित सोसायटी से 22 लाख और सीएसईबी चौकी क्षेत्र में संचालित सोसायटी से लाखों की वसूली करनी है।



## मुख्यमंत्री ने की धान की बुआई

**जशपुर**। जशपुर के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार को दूसरे दिन अपने निजी निवास बगिया में पत्नी कौशल्या साय के साथ मां दुर्गा, गुरुदेव स्वामी की पूजा करने के बाद खेत में धान की बुआई की। सीएम साय ने धरती माता से इस वर्ष भी अच्छी फसल देने की प्रार्थना की। दरअसल मुख्यमंत्री विष्णुदेव मूलतः किसान हैं और अपने पिता की मृत्यु के बाद माँ के साथ खेतों में बैलों से जुताई भी की है।

10 गांवों का विस्थापन बड़ी चुनौती, मानवीय गतिविधियां भी बढ़ रही

# रातापानी को टाइगर रिजर्व बनाने की राह नहीं आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भले ही सरकार ने स्टेट लाइफ बोर्ड की बैठक में रातापानी को टाइगर रिजर्व बनाने पर सहमति दे दी हो, लेकिन इसको टाइगर रिजर्व बनाने का रास्ता इतना आसान नहीं है। यह इसलिए, क्योंकि करीब 16 साल से यह मामला कानूनी दांव-पेच में उलझा हुआ है। साथ ही ग्रामीणों का विस्थापन एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। केन्द्र सरकार पूर्व में ही टाइगर रिजर्व बनाने की स्वीकृति दे चुकी है। साथ ही एनटीसीए की सैद्धांतिक सहमति मिल चुकी है। फिर भी मामला अटक रहा है।



दरअसल, रातापानी को टाइगर रिजर्व बनाने के लेकर पूर्ववर्ती सरकारों ने भी कई बार सहमति दी, लेकिन आज तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई। रातापानी भोपाल के वन क्षेत्र से सटा है, वहां भ्रमण करने वाले बाघ, भोपाल के जंगलों तक आते रहे हैं। अभी यह अभयारण्य है और इसकी सीमा भोपाल, सीहोर और रायसेन तक लगती है। यह बहुत सघन वन क्षेत्र है, लेकिन इसके आसपास मानवीय गतिविधियां लगातार बढ़ रही है। इसके कारण टाइगर सहित अन्य वन्यजीवों की सुरक्षा लेकर भी खतरा बढ़ रहा है। हाल ही में इस मामले में सीएम डॉ. मोहन यादव ने भी कहा कि रिजर्व बनाने की जो प्रक्रिया चल रही है, उसे जल्द पूरा करें, लेकिन पूरी प्रक्रिया नियम के पालन के तहत पूर्ण हो। इसके अंतर्गत जो गांव बाहर शिफ्ट होने हैं, उन गांव वालों के मन में कोई संशय नहीं होना चाहिए।

इसके लिए उनको सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र से बाहर बसाए गए गांवों दिखाया जाना चाहिए।

### खनन माफिया की दखलअंदाजी

देखा जाए तो रातापानी को टाइगर रिजर्व बनाने की प्रक्रिया में खनन माफिया भी लगातार दखल देता रहा है। वनक्षेत्र में व्यापक तौर पर अवैध अवैध खनन है। वन अमले पर माफिया अक्सर भारी पड़ता है। इधर, 10 गांवों को अन्यंत्र स्थान पर बसाए जाने का काम किया जाना है। इधर, ग्रामीण भी वहां से हटना नहीं चाहते। ऐसे में विस्थापन के लिए ग्रामीणों को तैयार करना भी बड़ी चुनौती है, उनको विस्थापित किए बिना टाइगर रिजर्व बनाने की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकती।

### स्वरोजगार सहित वन्य जीवों की सुरक्षा

वन विभाग के रिटायर्ड उप वनसंरक्षक डॉ. सुदेश वाघमारे का कहना है कि यह बात सही है कि रातापानी को टाइगर रिजर्व बनाने में ग्रामीणों का विस्थापन एक बड़ी चुनौती है। यह इतना आसान नही है। टाइगर रिजर्व बनने से एक नहीं, कई फायदे हैं। सबसे बड़ी बात तो यह है कि स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। इसके अलावा टाइगर रिजर्व बनने के बाद विदेशी पर्यटक भी विजिट करेंगे। इसके राजस्व में बढ़ोतरी होगी। साथ ही टाइगर की सुरक्षा एक महत्वपूर्ण बिदु है।

## पेज एक का शेष

### एक क्लिक में 9.26...

के असीम स्नेह से मुझे तीसरी बार देश का प्रधान सेवक बनने का सौभाग्य मिला है। काशी के लोगों ने मुझे लगातार तीसरी बार अपना प्रतिनिधि चुनकर धन्य कर दिया है। अब तो मां गंगा ने भी जैसे मुझे गोद ले लिया है, मैं यहीं का हो गया हूं। पीएम मोदी ने कहा कि भारत में 18वीं लोकसभा के लिए हुआ ये चुनाव भारत के लोकतंत्र की विशालता को, भारत के लोकतंत्र के सामर्थ्य को, भारत के लोकतंत्र की व्यापकता को, भारत के लोकतंत्र के जड़ों की गहराई को दुनिया के सामने पूरे सामर्थ्य के साथ प्रस्तुत करता है।

### डायरेक्ट बेनेफिट ...

योजना के अंतर्गत 3.04 लाख करोड़ रुपए से अधिक का लाभ मिला है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत प्रत्यक्ष लाभ अंतरण मोड के माध्यम से देश भर के किसानों के परिवारों के बैंक खातों में हर चार महीने में तीन समान किस्तों में 6,000 रुपए प्रति वर्ष का वित्तीय लाभ हस्तांतरित किया गया है तो वहीं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 4 करोड़ से ज्यादा किसानों को आर्थिक सुरक्षा की गारंटी दी गई है।

### अब किरण और श्रुति ...

उन्होंने किरण चौधरी पर मदद नहीं करने का आरोप लगाया। किरण इसका विरोध जताते हुए कहा कि यदि टिकट सही से बंटी होती तो कांग्रेस यहां से चुनाव जीत सकती थी। लोकसभा चुनाव के दौरान तोशाम में हुई कांग्रेस नेता राहुल गांधी की जनसभा के दौरान भी किरण ने अपनी अनदेखी की बात कही थी। किरण चौधरी इस बात से नाराज थी कि कांग्रेस हाईकमान ने उनकी कोई बात नहीं सुनी।

### राहुल-पवार को ...

कामकाज का जिक्र करते हुए उन्होंने अपने साथ हुई घटना के बारे में उन्हें बताया है। मालीवाल ने कहा कि पिछले 18 सालों से मैंने जमीन पर काम किया है और 9 सालों में महिला आयोग में 1.7 लाख केस में सुनवाई की है। बिना किसी से डरे और किसी के आगे झुके, महिला आयोग को एक बहुत ऊंचे मकाम पर खड़ा किया। पर बहुत दुख की बात है कि पहले मुझे मुख्यमंत्री के घर पर बुरी तरह पीटा गया, फिर मेरा चरित्र हरण करा गया। मालीवाल ने बताया कि उन्होंने इंडिया गठबंधन के सभी बड़े नेताओं को पत्र लिखा है और मिलने का समय मांगा है

### अगर किसी की ओर...

मामले पर अगली सुनवाई 8 जुलाई को होनी है। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने एनटीए को फटकार लगाते हुए कहा कि अगर किसी की ओर से 0.001% लापरवाही है तो उससे पूरी तरह से निपटा जाना चाहिए। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि हम उन बच्चों के प्रयासों को नहीं भूल सकते जिन्होंने परीक्षा की तैयारी की है।

### याचिकाओं को ...

खिलाफ दायर याचिकाओं को प्रतिकूल मुकदमे के रूप में न लें। शीर्ष अदालत ने दोनों संस्थाओं को यह भी निर्देश दिया कि अगर परीक्षा आयोजित करने में कोई गलती हुई है तो उसे स्वीकार करें और सुधारें।

**यह भी बोला शीर्ष कोर्ट :** सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए से कहा कि परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी के रूप में, आपको निष्पक्ष रूप से कार्य करना चाहिए। यदि कोई गलती है, तो हाँ कहें, यह एक गलती है और यही वह कार्रवाई है जो हम करने जा रहे हैं।

**इन याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है सुप्रीम कोर्ट :** सर्वोच्च न्यायालय कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें पेपर लीक, ग्रेस मार्क्स देने और उच्च स्कोर करने वालों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि सहित कई आरोप लगाए गए हैं।

**केंद्र सरकार ने दिया जवाब :** नीट यूजी रिजल्ट 2024 गड़बड़ी मामले में केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को यह भी बताया कि प्रभावित छात्रों को जल्द ही उनके संशोधित अंकों के बारे में सूचित किया जाएगा, जिसमें पहले दिए गए ग्रेस मार्क्स शामिल नहीं होंगे। सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की अगली सुनवाई 8 जुलाई, 2024 को होनी है।

### हमको कुछ नहीं...

उन्होंने सभी पंडित वर्ग के पूजनीय और वंदनीय गोस्वामी तुलसीदास को गंवार शब्द कहा है। वह वीडियो में बोल रहे हैं कि 'हमको कुछ नहीं आता, हम तुलसीदास जी की तरह बिलकुल गंवार हैं। तुलसीदास जी पर विवादित बयान के मामले में मथुरा के धर्म रक्षा संघ के अध्यक्ष सौरभ गौड़ ने कहा है कि पंडित प्रदीप मिश्रा की बुद्धि भ्रष्ट हो चुकी है। वह इन दिनों सभी ब्रजवासियों के निशाने पर हैं।

**प्रेमानंद महाराज ने जताई थी नाराजगी :** बता दें कि राधा रानी पर दिए विवादित वक्तव्य के बाद मथुरा के प्रसिद्ध रसिक संत प्रेमानंद महाराज ने भी प्रदीप मिश्रा पर तल्ख टिप्पणी की थी। प्रेमानंद महाराज ने कहा था कि प्रदीप मिश्रा राधा तत्व को जानते ही नहीं हैं, इसके बाद पंडित प्रदीप मिश्रा ने अपनी कथा के दौरान सफाई भी दी थी कि उन्होंने राधा रानी पर जो-जो कहा है वह सब शास्त्रों के आधार पर है।

### आग से जलकर...

बैंक की सुविधा को ऐतिहासिक कदम करार दिया है। सैन्य सेवा के महानिदेशक (सेना) और कर्नल कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल अरिंदम चटर्जी ने कहा कि सैन्य सेवाओं में शामिल कर्मियों के स्वास्थ्य और विकास के लिए यह स्किन केंद्र पूर्ण प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ऊपर हुआ दर्ज

# राजधानी में एक तरफ भीषण गर्मी की मार तो दूसरी तरफ पानी के लिए मचा हाहाकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली





दिल्ली वाले इस बार गर्मियों में रिकॉर्ड भीषण गर्मी और शरीर को झुलसाने वाली लू की मार झेलने को मजबूर हो रहे है। सूरज के बिगड़े तेवरों का आलम यह है कि दिल्ली में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी पड़ रही है। इस जून महीने के 17 दिन बीत चुके हैं, बावजूद अभी तक एक दिन भी न बारिश हुई न ही पारा 40 डिग्री सेल्सियस से कम हुआ है। प्रादेशिक मौसम विभाग केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग के आंकड़ों के तहत साल 2011 से लेकर अभी तक एक बार भी ऐसा नहीं हुआ कि जून महीने में लगातार 17 दिन अधिकतम पारा 40 डिग्री से ऊपर दर्ज हुआ हो।

आईएमडी की माने तो इससे पहले केवल साल 2019 में जून के शुरुआती 16 दिन ऐसे रहे थे, जिसमें अधिकतम तापमान 40 डिग्री के ऊपर दर्ज हुआ था। आईएमडी के अनुसार दिल्ली इस जून महीने में बीते छह दिन से लू की चपेट में है। आंकड़े बताते है कि दस साल पहले 2014 के जून महीने में लगातार 7 दिन चलने का रिकॉर्ड दर्ज है। वहीं सूरज के कड़े तेवर इस कदर बिगड़े हुए है कि दिन में ही नहीं रातभर न्यूनतम तापमान ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। आईएमडी के अनुसार मंगलवार की सुबह दिल्ली में इस सीजन की सबसे गर्म सुबह रही, न्यूनतम तापमान 33.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। जो कि सामान्य से 6 डिग्री तापमान दर्ज हुआ जो कई शहरों से ज्यादा है। आईएमडी के अनुसार आया नगर में न्यूनतम तापमान 34.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो सामान्य से 8 डिग्री ज्यादा है। आईएमडी ने पहले ही भीषण गर्मी को लेकर दिल्ली में रेड अलर्ट घोषित किया था। वहीं अधिकतम तापमान की बात करें तो मंगलवार को अधिकतम पारा 44 डिग्री सेल्सियस जो सामान्य से 5 डिग्री ज्यादा है।



### अस्पतालों में भी हुई पानी की किल्लत शुरू, जनता का टूट रहा सब्र

नई दिल्ली। दिल्ली में भीषण गर्मी के साथ ही भयंकर जल संकट से बुरी तरह त्रस्त दिल्ली में पानी के लिए हाहाकार मचा है। अब लोगों का सब्र टूट रहा है और वह सड़कों पर उतरने की तैयारी करने लगे है। दिल्ली सरकार के तमाम दावों व तैयारियों के बावजूद लोगों को भीषण जल संकट से राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। हालात इस कदर बिगड़ रहे है कि आम व वीवीआईपी लोगों के बाद अब दिल्ली के दो बड़े अस्पताल राम मनोहर लोहिया व लेडी हार्डिंग अस्पताल की जलापूर्ति भी प्रभावित हो रही है। वहीं दिल्ली के अनेक क्षेत्रों में जल संकट से लोगों को राहत नहीं मिली। मंगलवार को दिल्ली के वसंत विहार, गीता कॉलोनी, ओखला, कुसुमपुर पहाड़ी, चाणक्यपुरी का संजय कैंप, पूर्वी दिल्ली में गीता कॉलोनी, पटेल नगर, महरौली, छतरपुर, सीलमपुर, करावल नगर, जहांगीरपुरी, मंगोलपुरी, गोकुलपुरी, जौहरी पुर, भजनपुरा, सोनिया विहार, ढका, धीर पुर, तिमारपुर, आजादपुर गांव, भलस्वा गांव, मुकुंदपुर, भलस्वा डेयरी, इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, गुरु नानक देव कॉलोनी, समयपुर, घिटोरनी, सिरसपुर, धौला कुआं, नरेला, भोरगढ़, स्वतंत्र नगर, होलंबी, खेड़ा खुर्द, कुरैनी गांव, ओखला, बदरपुर, ताजपुर पहाड़ी, अंबेडकर नगर, भोगल, आश्रम, सरिता विहार, पालम साध नगर, पटेल नगर की गायत्री कॉलोनी, पंजाबी बस्ती, बलजीत नगर, प्रेम नगर, भील वस्ती, आंबेडकर पार्क कॉलोनी, तोकोना पार्क कॉलोनी, नेहरू नगर, राजस्थान कॉलोनी, फरीदपुरी, गुलाबी बाग, आया नगर, जौनापुर गांव, फतेहपुर बेरी, असोला, सतवरी, भाटी माइंस, खेनिया विहार जैसे अन्य क्षेत्रों में लोगों को पीने के पानी की भारी किल्लत झेलनी पड़ी।

जल संकट...




नई दिल्ली। पानी का टैंकर ले जाते दिल्ली नगर निगम के कर्मचारी।

### पानी की कमी के खिलाफ आज दिल्ली भाजपा वार्ड स्तर पर निकालेगी पदयात्रा

नई दिल्ली। दिल्ली के अंदर लगातार पानी की कमी से जूझ रहे लोगों की समस्या को लेकर बुधवार को दिल्ली भाजपा का हर कार्यकर्ता, सांसद, विधायक एवं प्रदेश पदाधिकारी वार्ड स्तर पर पदयात्रा निकालेंगे, घर-घर जाकर हैंडविल वितरण करेंगे और लोगों को बताएंगे कि कैसे दिल्ली को लूटने का काम आम आदमी पार्टी के विधायकों और मंत्रियों ने किया है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी पानी को लेकर दिल्ली को गंदी राजनीति में धकेल रही है जिसका हश्र हम देख रहे हैं। अस्पताल से लेकर लोगों के घरों तक पानी का ना होना काफी शर्मनाक है। निजी टैंकरों से पानी पहुंचाए जाने की अगर आज नौबत आई है तो उसकी वजह सिर्फ आम आदमी पार्टी के नेताओं की गंदी राजनीति है।

### अनुमान से ज्यादा 8647 मेगावाट बिजली मांग दर्ज

नई दिल्ली। राजधानी में बिजली की मांग सरकारी व बिजली आपूर्ति कंपनियों के पूर्वानुमानों को पूरी तरह ध्वस्त करते हुए दिल्ली में अब तक का उच्चतम आंकड़ा 8647 मेगावाट दर्ज किया। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर दिल्ली (एसएलडीसी) पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार मंगलवार को दिल्ली वालों ने 8647 मेगावाट बिजली खपत का नया रिकॉर्ड बनाया है। यह आंकड़ा दोपहर 3.22 बजे दर्ज हुआ जिसे पीक टाइम कहा जाता है। इस बारे में दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड (डीटीएल) के प्रवक्ता ऋषि राज ने कहा कि मंगलवार दोपहर 3.22 बजे दिल्ली में 8647 मेगावाट बिजली खपत का नया रिकॉर्ड बना है। उन्होंने कहा कि डीटीएल दिल्ली से अपील करता है कि बिजली व्यवस्था की सुरक्षा और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए कृप्या पीक लोड के समय दोपहर 2 बजे से से शाम 4 बजे तक, और रात 10 बजे से 12.30 बजे के बीच सभी अनावश्यक लोड जैसे लाइट, बिजली के उपकरण, साइन बोर्ड आदि को पूरी तरह बंद कर दें। ऋषि राज के अनुसार डीटीएल यह भी अनुरोध करता है कि पीक डिमांड को नियंत्रित करने के लिए पीक घंटों के दौरान एयर कंडीशनरों को 26-27 डिग्री सेल्सियस पर ही चलाएं। वहीं इस बारे में निजी बिजली आपूर्ति कंपनी बीएसईएस के प्रवक्ता सी पी कामत ने बताया कि दिल्ली की पीक बिजली मांग सबसे पहले 22 मई 2024 को पहली बार 8000 मेगावाट रही थी, 22 मई 2024 से अब तक 8 बार दिल्ली का पीक पावर लोड 8000 मेगावाट को पार कर चुका है। लगातार 30 दिनों तक दिल्ली की पीक बिजली मांग 2024 में 7000 मेगावाट को पार कर गई है।

### बिधूड़ी ने विधानसभा की सदस्यता से दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली लोकसभा सीट से सांसद निर्वाचित होने के बाद दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने मंगलवार को विधानसभा की सदस्यता और नेता विपक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने दोनों त्यागपत्र मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल को सौंप दिए। उल्लेखनीय है कि बिधूड़ी 4 जून को दक्षिण दिल्ली संसदीय सीट से आम आदमी पार्टी के सहीराम पहलवान को हराकर विजयी हुए थे। 6 जून को नई लोकसभा की अधिसूचना जारी की गई। नियमानुसार इसके 14 दिन के भीतर विधानसभा या लोकसभा में से एक सीट से इस्तीफा देना होता है। उसी को ध्यान में रखते हुए बिधूड़ी ने मंगलवार को अपना त्यागपत्र विधानसभा अध्यक्ष को सौंप दिया। बिधूड़ी ने त्यागपत्र सौंपते हुए विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। बिधूड़ी ने साथी विधायकों के प्रति भी आभार व्यक्त किया है जिन्होंने उनके कार्यकाल के दौरान सहयोग बनाए रखा। इस अवसर पर भाजपा के मुख्य सचेतक अजय महावर, विधायक जितेंद्र महाजन और विधायक अभय वर्मा भी उपस्थित रहे।

### इस वर्ष मॉनसून का आनंद उठा सकेंगे दिल्ली वाले : महापौर

- निगम ने जलभराव की समस्या से निपटने के लिए पूरी की तैयारियां

नई दिल्ली। इस बार दिल्ली में जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए निगम ने व्यापक प्रयास किए हैं और वे इस वर्ष मॉनसून का आनंद उठा सकेंगे। दिल्ली नगर निगम ने आगामी बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए व्यापक तैयारियां पूरी कर ली है। दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने मंगलवार को नेता सदन मुकेश गोयल के साथ सिविक सेंटर में प्रेस वार्ता को संबोधित कर दिल्ली की जनता को यह आश्वासन देते हुए उक्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले एक महीने से हम लगातार अधिकारियों के साथ तैयारियों को लेकर बैठक कर रहे हैं। मॉनसून एक्शन प्लान पहले ही तैयार कर लिया गया था और उसके अनुसार अब सभी जोन में युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निगम दिल्ली में मानसून से पूर्व नालों की सफाई का काम तेजी से कर रहा है। निगम के अंतर्गत चार फीट से ऊपर के 713 नाले हैं जिनकी लंबाई लगभग 460 किलोमीटर है व चार फीट से नीचे लगभग 21 हजार नाले है जिसकी लंबाई लगभग 6600 किलोमीटर है। वहीं, नेता सदन मुकेश गोयल ने कहा कि पिछले वर्ष जिन स्थानों पर अधिक जल भराव हुआ था, उन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है और नागरिकों से आग्रह किया कि जलभराव की समस्या होने पर कंट्रोल रूम पर शिकायत दर्ज कराये और जल्द से जल्द समस्या का निदान होगा।

### अश्विनी कुमार को निगमायुक्त किया नियुक्त

नई दिल्ली। गृह मंत्रालय ने एजीएमयूटी कैडर के 1992 बैच के सीनियर आईएएस अधिकारी अश्विनी कुमार को दिल्ली नगर निगम का आयुक्त नियुक्त किया है। सीनियर आईएएस अधिकारी अश्विनी कुमार वर्तमान में दिल्ली सरकार के राजस्व विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी और मंडलायुक्त हैं। वहीं, दिल्ली नगर निगम के आयुक्त ज्ञानेश भारती का भी ट्रांसफर कर दिया गया है और अब उनकी जगह सीनियर आईएएस अधिकारी अश्विनी कुमार लेंगे। बता दें कि अश्विनी कुमार को दिल्ली सरकार भेजने से पहले केंद्र सरकार की ओर से उस वक्त निगम का स्पेशल ऑफिसर नियुक्त किया गया था, जिस वक्त केंद्र में दूसरी बार रही मोदी सरकार ने तीनों नगर निगम को एकीकृत करने का फैसला किया था। इसके बाद एकीकृत निगम के चुनाव कराने के दौरान अश्वनी कुमार को स्पेशल ऑफिसर नियुक्त किया गया था।

### भाजपा ने की आप विधायक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग

नई दिल्ली। हमने मांग की है कि जो वीडियो सोशल मीडिया के माध्यम से हमें मिला है उस पर संज्ञान लेते हुए बवाना विधायक जयभगवान उपकार एवं उनके अन्य साथी जो गरीब जनता को जान से मारने की धमकी देते दिख रहे हैं, उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करके उचित कार्रवाई की जाए। उत्तर पश्चिम से सांसद योगेन्द्र चंदोलिया ने मंगलवार को मीडिया को यह जानकारी दी। प्रदेश भाजपा से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को उत्तर पश्चिम से सांसद योगेन्द्र चंदोलिया के नेतृत्व में दिल्ली भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने समयपुर बादली पुलिस स्टेशन में पुलिस उपायुक्त को एक शिकायत पत्र सौंपा जिसमें बवाना से आप विधायक जयभगवान उपकार एवं उनके गुंडों द्वारा गरीब जनता को पानी की मांग के लिए जान से मारने की धमकी देने के खिलाफ कार्रवाई करने की अपील की गई है।

### दिल्ली सरकार ग्रीन कवर बढ़ाने के लिए लगाएगी 64 लाख पौधे : राय

नई दिल्ली। दिल्ली को हिट वेव से बचने के मुख्य उपाय हरित क्षेत्र को बढ़ाने के उद्देश्य से दिल्ली सरकार ने इस साल के लिए 64 लाख पौधे लगाने और वितरित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। यह फैसला दिल्ली के वन एवं पर्यावरण मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में पौधरोपण अभियान को लेकर 25 से ज्यादा एजेंसियों के साथ बैठक हुई बैठक में लिया गया। बैठक में वन विभाग, डीडीए, एमसीडी, पीडब्ल्यूडी, शिक्षा विभाग, एनडीएमसी, दिल्ली जल बोर्ड, पर्यावरण विभाग,डीएसआईआईडीसी, सीपीडब्ल्यूडी, एनडीपीएल, आईएफसीडी, नार्दन रेलवे, बीएससीएस, पर्यावरण आदि विभागों के उच्च अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के बाद गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली सरकार ने इस साल जो 64 लाख पौधे लगाने और वितरित करने का लक्ष्य तय किया है। इसमें 24 लाख 83 हजार बड़े पौधे और 31 लाख 57 हजार झाड़ियां लगाई जाएंगी।

### सीएम आवास पर हुए हमले को लेकर मालीवाल ने इंडिया गठबंधन के नेताओं से मांगा समर्थन

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने 13 मई, 2024 को दिल्ली के मुख्यमंत्री के निवास पर सीएम के पीए द्वारा उन पर किए गए हमले के मामले में इंडिया गठबंधन के प्रमुख नेताओं को पत्र लिखकर समर्थन की मांग की है। स्वाति ने इंडिया गठबंधन के प्रमुख नेताओं राहुल गांधी, शरद पवार, ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, एम.के. स्टालिन, लालू प्रसाद यादव और अन्य को पत्र लिखकर अपने साथ हुए घटना के लिए समर्थन मांगा है। वहीं स्वाति ने मंगलवार को इंडिया गठबंधन के प्रमुख नेता राहुल गांधी, शरद पवार, अखिलेश यादव और उद्धव ठाकरे को पत्र लिखकर मुलाकात के लिए समय भी मांगा है। मालीवाल ने इंडिया गठबंधन के नेताओं को लिखे पत्र में उनके साथ 13 मई, 2024 को दिल्ली के मुख्यमंत्री के निवास पर उनके पीए द्वारा उन पर किए गए हमले की दुर्भाग्यपूर्ण घटना को भी बताया। इसके साथ ही उन्होंने लिखा कि समर्थन मिलने के बजाय, उन्हें अपनी ही पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा चरित्र हनन और पीड़िता को शर्मसार करने का सामना करना पड़ा। उन्होंने उल्लेख किया कि उनके खिलाफ फैलाए गए झूठ के कारण, उन्हें कई बलात्कार और हत्या की धमकियां मिल रही हैं।

### विजिलेंस द्वारा डीजेबी से 5 वर्षों का टैंकरों का रिकॉर्ड मांगना भ्रष्टाचार पर निशाना : यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि विजिलेंस विभाग द्वारा दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) से पिछले 5 वर्षों का टैंकरों का लेखा जोखा मांग गया है, जो केजरीवाल सरकार के भारी भ्रष्टाचार पर निशाना है। विजिलेंस ने पिछले 5 वर्षों में कितने टैंकर हायर किए गए, हर वर्ष कितने टैंकर उपलब्ध कराए गए, प्रत्येक टैंकर मालिक ने जल बोर्ड को कितना पानी पहुंचाया और टैंकर मालिक ने किराए में कितनी राशि मांगी आदि का पूरा हिसाब मांगा है। यादव ने केजरीवाल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली में बढ़ती जनसंख्या अनुपात के तहत आपूर्ति पाईंट की बढ़ोत्तरी की बजाए 100 टैंकरों का गायब होना, भारी भ्रष्टाचार का अंदेशा पैदा करता है। पिछले 6-7 वर्षों में जहां टैंकर से पानी की आपूर्ति करने वाले पॉइंट की संख्या 10.5 हजार के लगभग पहुंच गई है। वहीं डीजेबी के 100 टैंकर रिकार्ड से ही गायब हो गए है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब गत वर्ष डीजेबी के पास 250 टैंकर थे, वो अब घटकर 150 कैसे रह गए है। उन्होंने कहा कि 100 टैंकर कम होने का डीजेबी के पास कोई रिकॉर्ड तक नहीं होना मिलीभगत और भारी भ्रष्टाचार को साफ साफ दर्शाता है जिसकी जांच होनी चाहिए।

## आप नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नीट पेपर की जलाई प्रतियां

# नीट पेपर लीक मामला: 'आप' ने जंतर-मंतर पर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



अंडरग्रेजुएट मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम यानी नीट (यूजी) परीक्षा में कथित कथित अनियमितताओं के खिलाफ के आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को जंतर मंतर पर प्रदर्शन किया और मांग की इस मामले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की जाए। वहीं प्रदर्शन के दौरान आप के पार्टी के सांसद, विधायक और पार्षदों ने नीट पेपर की प्रतियां जलाकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और परीक्षा को रद्द करने की मांग की। वहीं इस कथित अनियमितताओं के शिकार लाखों छात्रों को न्याय दिलाने का भरोसा देते हुए आप ने कहा कि देश के युवाओं के भविष्य को बचाने की यह लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक लड़ी जाएगी। संसद में हमारे सांसद नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं का मुद्दा उठाएंगे और युवाओं न्याय दिलाने की मांग करेंगे। इसी को लेकर आज आप पूरे देश में प्रदर्शन करेगी। प्रदर्शन में सांसद संजय सिंह, दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय व सौरभ भारद्वाज, राखी बिड़लान, संजीव झा समेत अन्य गणमान्य शामिल हुए।

प्रदर्शन के दौरान सांसद संजय सिंह ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय और उसके अधीन आने वाले नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए)ने भाजपा शासित राज्यों में उसके नेताओं के साथ मिलकर देश के लाखों बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। इसलिए हमारी मांग है कि यह नीट की परीक्षा रद्द होना चाहिए और दोबारा परीक्षा होना चाहिए। नीट के परिणाम 14 जून को आने थे, लेकिन इसे दस दिन पहले यानि 4 जून को ही जारी कर दिया गया। ताकि मीडिया चुनावी नतीजों में लगी रहे और भाजपा के पेपर लीक की चर्चा न हो। संजय सिंह ने कहा कि देश में पेपर लीक होने से 4 से 5 साल के अंदर करीब 2 करोड़ बच्चों का भविष्य बर्बाद हुआ है।

### मामले की लीपापोती में जुटी केंद्र सरकार : राय

आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि देश के लाखों बेटे-बेटियां जो अपने सुनहरे भविष्य के लिए सालों से परीक्षा की तैयारी कर रहे थे, लेकिन आज वे बच्चे और उनके माता-पिता निराश हैं। उन्होंने कहा कि देश युवा और उनके मां-बाप सड़कों पर उतर कर दोबारा परीक्षा कराने की मांग कर रहे हैं। वहीं केंद्र सरकार इस घोटाले पर लीपापोती कर रही है। उधर देश के शिक्षा मंत्री नीट परीक्षा में हुई अनियमितताओं को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं। नीट परीक्षा में घोटाले की लड़ाई केवल देश के नौजवान, छात्रों और उनके मां-बाप की नहीं है, बल्कि यह देश के भविष्य और आगे कोई पेपर लीक होने से बचाने की लड़ाई है। अगर हर परीक्षा में पेपर लीक होगा तो युवाओं के रोजगार और भविष्य का क्या होगा? उन्होंने कहा कि जब तक नीट परीक्षा में हुए घोटाले की जांच नहीं होगी, हमारी लड़ाई जारी रहेगी।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा (धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रकाश बाबू** पुत्र दौलत राम निवासी मकान नं. 1091, पॉकेट–II, सेक्टर–ए–6, पुनर्वास कॉलोनी, नरेला, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 185/2022 धारा 174–ए भा.द.स. थाना हजरत निजामुद्दीन, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **प्रकाश बाबू** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **प्रकाश बाबू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 185/2022 धारा 174–ए भा.द.स. थाना हजरत निजामुद्दीन, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **प्रकाश बाबू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार:**
**श्री कार्तिक तपारिया**
**महानगर दण्डाधिकारी–03 (दक्षिण पूर्व जिला)**
**साकेत कोर्ट, नई दिल्ली**

**DP/7581/SE/24**

### दोनों राज्यों के लिए हो विशेष पैकेज का बजटीय प्रावधान

# न आंध्र को मिलेगा विशेष राज्य का दर्जा न बिहार को, चंद्रबाबू के साथ चलेगा 'गेम'

शिशिर सोनी ▶▶ नई दिल्ली

आंध्रप्रदेश और बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिये जाने का प्रावधान केंद्रीय बजट में इस बार करना आसान नहीं। आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को इस बात के संकेत दे दिए गए हैं। यही संकेत बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भी दिए गए हैं। सत्ता प्रतिष्ठान से जुड़े विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि विशेष राज्य का दर्जा देने का पिटारा नहीं खोल सकते। कई राज्यों की ओर से ऐसी मांगें केंद्र के पास हैं। सूत्रों ने बताया कि आगामी बजट सत्र में दोनों राज्यों के लिए विशेष पैकेज की घोषणा की गुंजाइश है।

सवाल ये है कि इस फार्मूले पर क्या दोनों प्रदेश के मुख्यमंत्री तैयार हैं? सूत्रों ने बताया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस बात को समझते हैं। यही वजह है कि उन्होंने लोकसभा में स्पीकर पद पर भाजपा द्वारा नामित नेता को समर्थन देने का एलान किया है। जब कि तेलुगूदेशम सुप्रीमो और आंध्र के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू ने स्पीकर के पद पर सर्वसम्मति के निर्णय पर जोर देकर लगातार दबाव बनाया हुआ है। सूत्रों ने बताय कि पिछले दिनों आंध्र के मुख्यमंत्री ने अपने खास सिपहसालार को दिल्ली भेजकर ये समझाने की कोशिश थी कि उन्हें चुनाव में किए गए वायदे पूरे करने के लिए 60 हजार करोड़ रुपये सालाना का स्पष्ट खर्चा दिख रहा है। जाहिर है ये स्टेट फंड से होगा। जब कि स्टेट बजट पहले से ही 55 हजार 817 करोड़ रुपए का वित्तीय घाटे का अनुमान 31 मार्च 2024 तक का इंगित कर रहा है। चंद्रबाबू ने आंध्र के वोटरों के साथ 3 हजार रुपया सालाना बेरोजगारी भत्ता, राजकीय परिवहन में महिलाओं को मुफ्त यात्रा, 18 वर्ष से ऊपर की महिलाओं को 18 हजार रुपया सालाना, मुफ्त एलपीजी सिलिंडर, मुफ्त पेजयल जैसे कई अन्य लुभावने वायदे किए थे। चुनाव जीतने के बाद जाहिर है उन्हें घोषणा पत्र लागू करने के लिए बजटीय प्रावधान चाहिए। मगर, केंद्र की भाजपानीत राजग सरकार में असमंजस ये है कि मुफ्त की सियासी रेवड़ियों के लिए विशेष पैकेज के तहत भी राशि कैसे जारी करे? भाजपा पूरी तरह ऐसे किसी भी मुफ्त रेवडी के खिलाफ रही है। सूत्रों ने बताया कि यही वजह है कि चंद्रबाबू के भेजे गए उक्त सिपहसालार को ताकीद की गई है कि परियोजना व्यय को बढ़ाकर विशेष पैकेज में बजटीय प्रावधान किया जा सकता है। जैसे अमरावती को नई राजधानी बनानी है तो उसके बजटीय प्रावधानों को बढ़ाया जा सकता है। मगर चंद्रबाबू इसके लिए राजी नहीं बताए जा रहे हैं। यही वजह है कि लोकसभा स्पीकर के चुनाव के बहाने उन्होंने भाजपा शीर्ष नेतृत्व पर आर्थिक मदद के लिए लगातार दबाव बनाया हुआ है।

हरिभूमि विशेष

#### केंद्र के पास है प्लान-बी



शीर्षस्थ सूत्रों ने साफ कहा कि राजग के किसी भी साथी दल के किसी भी दबाव के आगे केंद्र सरकार झुकेगी इसकी संभावना बेहद कम है। यही वजह है कि चंद्रबाबू को मनाने की कोशिश एक तरफ की जा रही है। वहीं आंध्र के पूर्व मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी के साथ भी परदे के पीछे बातचीत चल रही है। जगनमोहन रेड्डी की वाईएसआर कांग्रेस से 11 सांसद राज्यसभा में हैं, 4 लोकसभा में, जब कि राज्यसभा में चंद्रबाबू की टीडीपी से एक भी सांसद नहीं है। सो, भाजपा के रणनीतिकारों ने वाईएसआर कांग्रेस और बीजू जनता दल के साथ मिलकर बैकअप प्लान तैयार किया हुआ है।

### मुख्यमंत्री बेनर्जी ने भाजपा सांसद नागेन रॉय से की मुलाकात

# ममता की सियासी मुलाकात से भाजपा हाईकमान में बेचैनी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी के सियासी कदम से मंगलवार को दिल्ली में भाजपा हाईकमान के कान खड़े हो गए। बंगाल के राजनैतिक गलियारों में बढ़ी हलचल की धमक दिल्ली में भी सुनाई पड़ी। दरअसल ममता ने भारतीय जनता पार्टी के सांसद अनंत महाराज उर्फ नागेन रॉय से उनके कूचबिहार स्थित आवास पर मुलाकात की।

रॉय ने चकचका पैलेस पर पारंपरिक दुपट्टे और पान पत्ते के साथ स्वागत किया। सियासी रूप से महत्वपूर्ण मानी जा रही बैठक करीब 35 मिनट तक चली। सूत्रों का कहना है कि हाल ही हुए लोकसभा चुनाव में बंगाल में बड़ी जीत के साथ एक बार फिर अपना दबदबा साबित करने में सफल रही ममता की यह मुलाकात दूर की कौड़ी है। तृणमूल कांग्रेस से जुड़े सूत्रों का कहना है कि लोकसभा चुनाव में राज्य के भीतर भाजपा को सियासी पटकनी देने के बाद उत्साह से भरी ममता बनर्जी अब उन नेताओं को अपनी पार्टी में लाने की इच्छुक है जो राजनैतिक तौर पर मजबूत हैं और फिलहाल भाजपा में हैं। बताया जा रहा है कि बंगाल भाजपा के कई ऐसे नेता हैं जो प्रदेश की राजनीति में सक्रिय हैं और भाजपा में होते हुए अब ममता दीदी के साथ जाने पर विचार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी भी ऐसे नेताओं पर नजर बनाए हुए है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव में अपनी हार के बाद बंगाल भाजपा के पूर्व अध्यक्ष तथा राज्य में पार्टी के बड़े नेताओं में शामिल दिलीप घोष ने भी कुछ मुद्दों को लेकर अपनी पार्टी पर निशाना साधा था। बंगाल भाजपा में कई ऐसे नेता हैं जो विधानसभा में भाजपा विधायक दल के नेता सुवेन्द्रु अधिकारी के साथ छत्तीस का आंकड़ा रखते हैं। ममता चाहती हैं कि ऐसे नेताओं को टटोला जाए जो तृणमूल कांग्रेस में आ सकते हैं।

रॉय के आवास पर पहुंचने से पहले ममता बनर्जी ने जिला मुख्यालय शहर में मदन मोहन मंदिर में पूजा-अर्चना की। बनर्जी सिलीगुड़ी में उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज एव अस्पताल का दौरा करने के बाद सोमवार शाम कूचबिहार पहुंचीं, जहां उन्होंने कंचनजंगा एक्सप्रेस हादसे के पीड़ितों से मुलाकात की। कूचबिहार लोकसभा सीट पर हालिया आम चुनाव में भाजपा उम्मीदवार निसिथ प्रमाणिक को करीब 40 हजार मतों से हराकर तृणमूल कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। चुनाव में भाजपा की हार के बाद कयास लग रहे हैं कि क्या अनंत महाराज उर्फ नागेन रॉय के क्षेत्र में नए सियासी समीकरण बन रहे हैं। जाहिर है ऐसे में भाजपा की बैचेनी बढ़ने की संभावना है। बैठक को लेकर उत्साहित रॉय ने कहा कि देखते हैं कि भविष्य में क्या होता है।

### पैर धुलवाया फिर नाना की सफाई

# कीचड़ होने से मेरा पैर गंदा हो गया था, कार्यकर्ता ने पांव धोया

एजेंसी ▶▶ मुंबई



महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने एक पार्टी कार्यकर्ता से पैर धुलवाने के मामले पर सफाई दी है। नाना पटोले ने कहा कि मेरा नाम नाना है लेकिन मैं नाना नहीं हूं।

हर रोज मेरे बारे में कोई भी खबर आप लोग लेते हो, लेकिन ये मैंने जान बूझकर नहीं किया है। मैं एक कार्यक्रम में गया था। कीचड़ होने से मेरा पैर गंदा हुआ। एक कार्यकर्ता ने मेरा पैर धोया, लेकिन मीडिया ने इसे बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया। वहां पालकी आई थी जिसके दर्शन के लिए मैं गया था। पटोले ने सफाई देते हुए कहा कि मीडिया ने इसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया है। जमीन पर कीचड़ होने से पैर गंदे हो गए थे और उन्होंने खुद को साफ करने के लिए पानी मांगा था, तभी एक अटेंडेंट ने उनकी मदद की। बताया गया कि महाराष्ट्र के अकोला जिले के वाडेगांव में नाना के पैर कीचड़ में धंस गया था। इसके बाद कार्यकर्ता ने पानी से उनका पांव धोया। नाना पटोले ने कहा कि महाराष्ट्र में आषाढ़ी एकादशी पंढरपुर यात्रा का आयोजन किया जाता है। गजानन महाराज संस्थान की पालकी शेगांव से वाडेगांव ले जाई गई थी। मैं दर्शन के लिए गया था।

### प्रियंका को वॉकओवर नहीं मिलेगा

# सीबीआई (एम) फिर से यहां उम्मीदवार उतारेगी

एजेंसी ▶▶ वायनाड



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने मंगलवार को कहा कि वह वायनाड लोकसभा उपचुनाव में प्रियंका गांधी वाड्रा के खिलाफ अपना उम्मीदवार उतारेगी।

भाकपा के प्रदेश सचिव बिनॉय विश्वम ने कहा कि वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) में शामिल भाकपा के पास वायनाड लोकसभा सीट है और उसका उम्मीदवार उपचुनाव में चुनाव लड़ेगा। सीपीईएम और एलडीएफ ऐसा कुछ नहीं करेंगे जो भाजपा के अनुकूल हो। हम वहां उम्मीदवार उतारेंगे। प्रियंका वाड्रा की उम्मीदवारी के बारे में विश्वम ने कहा कि कांग्रेस को किसी भी क्षेत्र में अपना उम्मीदवार चुनने की पूरी स्वतंत्रता है।


#### तो राहुल को यहां लड़ना नहीं था

विश्वम ने यह भी कहा कि यदि कांग्रेस पार्टी की योजना वायनाड सीट खाली करने की थी, तो उन्हें राहुल गांधी जैसे एक प्रमुख नेता को दक्षिण में लाने की कोई आवश्यकता नहीं थी। एनी राजा ने चुनाव में वायनाड से राहुल के खिलाफ चुनाव लड़ा था।

### चुनावों के लिहाज से बैठक अहम मानी जा रही

# भाजपा अध्यक्ष नड्डा से मिले मनोहर, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय उर्जा तथा शहरी मामले एवं आवास मंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। उन्होंने इसे शिष्टाचार भेंट बताया। सूत्रों का कहना है कि इस दौरान दोनों नेताओं के बीच हरियाणा की राजनीति, आगामी विधानसभा चुनाव और प्रदेश में राज्यसभा की खाली हुई सीट को लेकर विचार विमर्श हुआ। इस मुलाकात की टाइमिंग को लेकर भी सियासी गलियारों में चर्चा है क्योंकि 17 जून को नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ लंबी बैठक की थी। इस बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा प्रदेश भाजपा के अन्य नेताओं के साथ मनोहर लाल भी मौजूद थे। ऐसे में इस बैठक के अगले दिन ही नड्डा से मनोहर की मुलाकात को लेकर कायसों का दौर लगना स्वाभाविक है। हरियाणा में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष की नियुक्ति जल्द ही होने की संभावना है। साथ ही प्रदेश में खाली हुई एक राज्यसभा सीट पर पार्टी को अपना उम्मीदवार भी अगले कुछ दिन में चुनना है। इसके साथ ही राज्य में अक्टूबर में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं लिहाजा लोकसभा चुनाव में पांच सीटें गंवा चुकी भाजपा हर कदम फूंक फूंक के रख रही है। सूत्रों के अनुसार सोमवार की बैठक में जिन मुद्दों को लेकर चर्चा हुई उन पर भी दोनों नेताओं के बीच एक बार फिर और अलग से बातचीत हुई।

## पहचान के लिए अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका **नामः अज्ञात, पुत्रः अज्ञात, पताः अज्ञात जोकि दिनांक 05.06.2024 को प्लैटफॉर्म नं. 2, हज़रत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन, दिल्ली के पास मृत अवस्था में पाया गया।** इस संदर्भ में **DD No. 25A dated 05.06.2024** पुलिस थाना हज़रत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे मृत व्यक्ति की पहचान दी गई है:

**नामः अज्ञात, उम्रः 70–75 वर्ष, कदः 5'8'', रंगः सांवला, पहनावाः गुलाबी रंग का कुर्ता और गुलाबी रंग की धोती।**

अगर किसी को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।

थाना प्रभारी
पुलिस थाना, हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन, दिल्ली
फोनः 9868363768, 8750872318
DP/7319/RLY/2024

## गुमशुदा/अपहृत की तलाश



शांती

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम **शांती कुमारी** पुत्री **मनोज, पताः** मकान नं. 5805, तृतीय तल गली नं. 6 न्यू चंद्रावल, दिल्ली रूप नगर, उत्तरी दिल्ली जो अपने घर से दिनांक 24.03.2021 12:00 बजे से लापता/अपहृत है। इस बाबत **FIR No. 124/2021, U/s: 363 IPC, दिनांकः 25.03.2021, थानाः रूप नगर, उत्तरी दिल्ली** में दर्ज है।

इसका शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार से है:

**उम्रः** 16 साल, **कदः** 5'0'', **रंगः** सांवला, **पहनावाः** नीला सूट सलवार. स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता लड़की के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

**फोनः 011-24368638, 24368641**
**वेबसाईटः http://cbi.nic.in**
**ई–मेलः cic@cbi.gov.in**
**फैक्सः 011-24368639**
**DP/7099/N/2024**

थानाध्यक्ष
थानाः रूप नगर, उत्तरी दिल्ली
फोनः 8750870129

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 102 दिनांक 12.06.2024 धारा 365 IPC थाना बहु अकबरपुर जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** – एकता
**पिता/पति का नाम**– पुत्री समुन्द्र
**पता**– गाँव मोखरा खास जिला रोहतक।
**उम्र**– 17 वर्ष
**कद**– 5 फुट 2 इंच
**हुलिया**– रंग सांवला, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल काली आंखें।
**पहनावा** – लाल रंग का सूट सलवार व पैरों में गुलाबी रंग के जूते पहने हुए है।

दिनांक 12.06.2024 को एकता पुत्री समुंद्र निवासी मोखरा खास रोहतक थाना बहुअकबरपुर रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना बहुअकबरपुर रोहतक- 7082999223
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना बहुअकबरपुर रोहतक- 9050832462

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 378 दिनांक 13.06.2024 धारा 346 IPC थाना शहर जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** – साहिल
**पिता/पति का नाम** – पुत्र कृष्ण
**पता**– सूर्या नगर जिला रोहतक।
**उम्र**– 18 वर्ष
**कद**– 5 फुट 6 इंच
**हुलिया** – रंग गोरा, लम्बा चेहरा, काले बाल काली आंखें।
**पहनावा** – संतरिया रंग की टी शर्ट, काला पजामा व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 13.06.2024 को साहिल पुत्र कृष्ण निवासी सूर्या नगर रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक 7082999115
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200ए 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक- 9350135244

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 375 दिनांक 12.06.2024 धारा 365 IPC थाना शहर जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** – कोमल
**पिता/पति का नाम** –
**पता** – 25/4 नजदीक गौड स्कूल रोहतक जिला रोहतक।
**उम्र**– 17 वर्ष
**कद**– 5 फुट
**हुलिया**– रंग गोरा, गोल चेहरा, काले बाल काली आंखें।
**पहनावा**– पीले रंग का सूट सलवार व पैरों में बाथरूम चप्पल पहने हुए है।।

दिनांक 12.06.2024 को कोमल निवासी 25/4 नजदीक गौड स्कूल रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक- 7082999115
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक- 9466235808

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 203 दिनांक 13.06.2024 धारा 346 IPC थाना साँपला जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** – विशाल
**पिता/पति का नाम** –
**पता**– गाँव गिझी जिला रोहतक।
**उम्र**– 22 वर्ष
**कद**– 5 फुट 8 ईच
**हुलिया**– रंग गेंहुआ, लम्बा चेहरा, फुर्तीला शरीर, काले बाल काली आंखें।
**पहनावा**– सफेद रंग की टी शर्ट, काला पजामा व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 13.06.2024 को विशाल निवासी गाँव गिझी रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ हैए जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सांपला रोहतक- 8168447546

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 350 दिनांक 12.06.2024 धारा 346 IPC थाना शिवाजी कालोनी रोहतक जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** – गीतिका
**पिता/पति का नाम** –
**पता**– राजीव कालोनी रोहतक जिला रोहतक।
**उम्र**– 22 वर्ष
**कद**– 4 फुट 8 ईच
**हुलिया**– रंग सांवला, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल काली आंखें।
**पहनावा** – काला सूट सलवार व पैरों में चप्पल पहने हुए है

दिनांक 12.06.2024 को गीतिका निवासी राजीव कालोनी रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक-8307709978

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 351 दिनांक 13.06.2024 धारा 346 IPC थाना शिवाजी कालोनी रोहतक जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** – रूपाली
**पिता/पति का नाम** – पुत्री बिजेन्द्र
**पता** – निवासी कन्हेली रोहतक जिला रोहतक।
**उम्र** – 18 वर्ष
**कद**– 5 फुट 1 ईच
**हुलिया** – रंग गोरा, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल काली आंखें।
**पहनावा** – सफेद टी शर्ट, नीली जीन्स व पैरों में जूते पहने हुए है।

दिनांक 13.06.2024 को रूपाली पुत्री बिजेन्द्र निवासी कन्हेली रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 9466588498

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 253 दिनांक 13.06.2024 धारा 346 IPC थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक जिला रोहतक।**




**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** – अनिल
**पिता/पति का नाम** – पुत्र राजकुमार
**पता** – फतेहपुरी कालोनी जिला रोहतक।
**उम्र**– 32 वर्ष
**कद**– 5 फुट 2 इंच
**हुलिया**– रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल काली आंखें।
**पहनावा** – सफेद रंग की टी शर्ट, लाल लोअर व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 13.06.2024 को अनिल पुत्र राजकुमार निवासी फतेहपुरी कालोनी रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक- 7082999116
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक-8059980500

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 352 दिनांक 13.06.2024 धारा 346 IPC थाना शिवाजी कालोनी रोहतक जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** – श्री भगवान
**पिता/पति का नाम** –
**पता**– निवासी जनता कालोनी जिला रोहतक।
**उम्र**– 65 वर्ष
**कद**– 5 फुट 8 ईच
**हुलिया**– रंग सांवला, लम्बा चेहरा, पतला फुर्तीला शरीर , नाक पर चोट निशान, काले बाल काली आंखें।
**पहनावा** – पता नहीं

दिनांक 13.06.2024 को श्री भगवान निवासी जनता कालोनी रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 80580868970

पीआरडीएच-1084/11/2435/2025/26845/88/7 दि. 18.06.24

# आज से शुरू होंगे सुपर-8 के इम्तिहान, ट्रॉफी के लिए महाजंग का आगाज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी-20 विश्व कप 2024 में ग्रुप दौर के सभी मैच वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान के बीच हुए मैच के बाद समाप्त हो गए। इस बीच सुपर-8 चरण की तस्वीर साफ हो गई है। मेजबान अमेरिका क्रिकेट टीम और दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के बीच 19 जून को होने वाले मैच के साथ सुपर-8 की शुरुआत हो जाएगी। भारत की पहली टक्कर 20 जून को अफगानिस्तान से होगी। इस बार विश्व कप विजेता टीम को 24.5 लाख डॉलर (लगभग 20 करोड़ रुपये) मिलने वाले हैं।

### ग्रुप-1 में मौजूद है भारतीय टीम

भारतीय क्रिकेट टीम ने अपने ग्रुप दौर में शीर्ष स्थान हासिल किया था। अब सुपर-8 के ग्रुप-1 में भारतीय टीम के साथ गत विजेता ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम जैसी प्रबल दावेदार शामिल है। इस ग्रुप में अफगानिस्तान और बांग्लादेश अन्य टीमें हैं।

## अच्छे फार्म में चल रही अमरीकी टीम की आज द.अफ्रीका से होगी भिड़ंत

टी-20 विश्व कप 2024 के सुपर-8 मैच में अमेरिका क्रिकेट टीम का सामना दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम से 19 जून को होगा। मेजबान अमेरिका ने ग्रुप स्टेज में पाकिस्तान जैसी मजबूत टीम को हराकर उलटफेर किया है। ऐसे में प्रोटियाज टीम पहली बार विश्व कप में हिस्सा ले रही अमेरिकी टीम को हल्के में नहीं लेना चाहेगी। ये दोनों टीमें पहली बार किसी टी-20 अंतरराष्ट्रीय में आमने-सामने होने वाली हैं। अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाला यह मैच आज एंटिगा के सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से खेला जाएगा।



### ऐसी हो सकती है अमेरिकी टीम

अमेरिका के सलामी बल्लेबाज शायन जहांगीर अब तक कोई अच्छी पारी नहीं खेल पाए हैं। उनके ऊपर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाने की जिम्मेदारी होगी। गेंदबाजी में सौरभ नेत्रवलकर के प्रदर्शन पर नजरें रहने वाली हैं। वह नई गेंद से अपनी टीम के लिए विकेट लेना चाहेंगे।

### इनके प्रदर्शन पर होंगी नजरें

अमेरिका के आक्रामक बल्लेबाज जोन्स ने 3 पारियों में 141.00 की औसत और 160.22 की स्ट्राइक रेट से 141 रन बनाए हैं। नोर्खिया इस समय जोरदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने 4 मैचों में 7.77 की औसत और 4.37 की इकॉनमी रेट से 9 विकेट लिए हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नेत्रवलकर ने 3 मैचों में 5.20 की इकॉनमी रेट के साथ 4 विकेट अपने नाम किए हैं।

### संभावित टीमें

अमेरिका : स्टीवन टेलर, शायन जहांगीर, एंड्रीस गौस (विकेटकीपर), आरोन जोन्स (कप्तान), नितीश कुमार, कोरी एंडरसन, हरमीत सिंह, शैडली वैन शल्कविक, जसदीप सिंह, सौरभ नेत्रवलकर और अली खान।

दक्षिण अफ्रीका : क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), रीजा हेंड्रिक्स, एडेन मार्करम (कप्तान), हेनरिक क्लासेन, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स, मार्को येंसन, कगिसो रबाडा, एनरिक नोर्खिया, ओटनील बार्टमैन और तबरेज शम्सी।


### ग्रुप-2 में मेजबान अमेरिका

ग्रुप-2 में इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और अमेरिका मौजूद हैं। दिलचस्प रूप से पहली बार टी-20 विश्व कप में हिस्सा ले रही अमेरिका ने अविश्वसनीय प्रदर्शन करते हुए अगले दौर में जगह बनाई है।

### दोनों ग्रुप की शीर्ष 2 टीमें करेंगी सेमीफाइनल में प्रवेश

सुपर-8 के प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष 2 टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 27 जून को पहला सेमीफाइनल त्रिनिडाड के ब्रायन लारा स्टेडियम में होगा। इसके बाद दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला भी 27 जून को गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में खेला जाएगा। आखिर में खिताबी मुकाबला 29 जून को केंसिंग्टन ओवल में खेला जाएगा।

## खबर संक्षेप



### ओलंपिक में नहीं खेलेंगी सबालेंका और जाबूर

**बर्लिन।** ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका और दो बार की विंबलडन फाइनलिस्ट ओन्स जाबूर पेरिस ओलंपिक से हट गई हैं। इन दोनों खिलाड़ियों ने कहा कि वे घास के कोर्ट पर होने वाले विंबलडन के तुरंत बाद क्लेकोर्ट पर नहीं खेलना चाहतीं। बेलारूस की विश्व में तीसरे नंबर की खिलाड़ी सबालेंका ने कहा कि वह पेरिस ओलंपिक में खेलने के बजाय आराम करना चाहेंगी। उन्होंने कहा, ''कार्यक्रम बहुत व्यस्त है और मैंने अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर यह फैसला किया। मैं अगली प्रतियोगिताओं के लिए शारीरिक और स्वास्थ्य स्तर पर तैयार होने के लिए आराम करने को प्राथमिकता दूंगी।

### अर्जुन ने स्टीफन अवग्यान मेमोरियल जीता, रेटिंग में चौथे स्थान पर पहुंचे



**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए आर्मेनिया के जर्मुक में स्टीफन अवग्यान मेमोरियल 2024 का खिताब जीता जबकि अभी एक दौर की बाजी खेली जानी बाकी है। एरिगैसी ने आठवें दौर में रूस के ग्रैंड मास्टर वोलोदार मुर्जिन को 63 चाल में हराया। इससे उनके चार जीत और इतने ही ड्रॉ के बाद छह अंक हो गए हैं। इस टूर्नामेंट में कुल 10 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस जीत से अर्जुन लाइव रेटिंग में अपने करियर के सर्वोच्च चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। इस टूर्नामेंट से वह अभी तक नौ अंक हासिल कर चुके हैं जिससे उनके कुल 2779.9 अंक हो गए हैं। नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन तथा अमेरिका के हिकारू नाकामुरा और फैबियानो कारुआना उनसे आगे हैं।

### ईस्ट बंगाल ने डेविड से 3 साल का किया करार

**कोलकाता।** सुपर कप फुटबॉल चैंपियन ईस्ट बंगाल एफसी ने उभरते हुए भारतीय फारवर्ड डेविड लालहलानसांगा के साथ तीन साल के अनुबंध की घोषणा की। भारत के सबसे प्रतिभावान युवा स्ट्राइकरों में से एक डेविड पिछले साल कलकत्ता फुटबॉल लीग और डूरंड कप में शीर्ष स्कोरर थे। उन्होंने मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब की पहली आईलीग खिताबी जीत में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। डेविड को बर्खास्त किए गए मुख्य कोच इगोर स्टिमिक ने भारत के आखिरी दो विश्व कप क्वालीफायर मुकाबलों के लिए टीम में शामिल किया था जो कुवैत के खिलाफ घरेलू मैदान पर और कतर के खिलाफ उसके मैदान पर हुए थे। डेविड को हालांकि मैदान पर उतरने का मौका नहीं मिला।

## टी-20 विश्व कप : ग्रुप मैच के अंतिम मुकाबले में 104 रन से दी शिकस्त

# पूरन की धमाकेदार पारी से वेस्टइंडीज की अफगानिस्तान पर शानदार जीत

एजेंसी ▶▶| ग्रॉस आइलेट

निकोलस पूरन ने छक्के जड़ने के अपने कौशल का शानदार नमूना पेश किया जिससे वेस्टइंडीज ने टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के अपने अंतिम मैच में अफगानिस्तान को 104 रन से करारी शिकस्त दी। दोनों टीम पहले ही सुपर 8 में अपनी जगह पक्की कर चुकी थी और इस मैच से ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली टीम का निर्धारण होना था। दो बार के चैंपियन वेस्टइंडीज ने पांच विकेट पर 218 रन बनाए जिसमें पूरन ने 53 गेंद पर 98 रन का योगदान दिया। उन्होंने अपनी पारी में छह चौके और आठ छक्के लगाए। अफगानिस्तान की टीम इसके जवाब में 16.2 ओवर में 114 रन पर आउट हो गई। उसकी तरफ से इब्राहिम जादरान ने सर्वाधिक 38 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए ओबेद मैकॉय ने 14 रन देकर तीन ,अकील हुसैन ने 21 रन देकर दो और गुडाकेश मोती ने 28 रन देकर दो विकेट लिए।




### वेस्टइंडीज ने दर्ज की जोरदार जीत

ब्रेंडन किंग (7) के जल्दी आउट होने के बाद जॉनसन चार्ल्स (43) और निकोलस पूरन (98) ने उम्दा पारी खेली। इनके अलावा शाई होप (25) और रोवमैन पॉवेल (26) ने टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचाया। जवाब में रहमानुल्लाह गुरबाज (0) और नईब (7) जल्दी पवेलियन लौट गए। खराब शुरुआत के बाद भी अफगान टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट खोए। इस बीच इब्राहीम जादरान ने सर्वाधिक 23 रन बनाए। वेस्टइंडीज से ओबेद मैककॉय ने 3 विकेट लिए।

### पूरन ने पूरे किए अपने 2,000 टी-20 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे

पूरन ने 53 गेंदों पर 6 चौकों और 8 छक्कों की मदद 98 रन की पारी खेली। वह पारी के आखिरी ओवर में रन आउट हुए। इस दौरान उन्होंने 2,000 टी-20 रन पूरे किए। उन्होंने 98 टी-20 अंतराष्ट्रीय मैचों में 2,012 रन बना लिए हैं। इस बीच उन्होंने 12 अर्धशतक लगाए हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ 98* रन अब उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है।

### पूरन ने टी-20 क्रिकेट में पूरे किए अपने 500 छक्के

पूरन अब क्रिस गेल (124) को भी पीछे छोड़ते हुए टी-20 अंतराष्ट्रीय में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले वेस्टइंडीज के बल्लेबाज बन गए। उनके नाम अब 128 छक्के हैं। पूरन अब 500 टी-20 छक्के (502) पूरे करने वाले छठे बल्लेबाज भी बन गए। वह गेल (1,056), कीरोन पोलार्ड (860), आंद्रे रसेल (686), कॉलिन मुनरो (548) और रोहित शर्मा (514) की सूची में शामिल हुए। पूरन ने टी-20 विश्व कप की एक पारी में तीसरे सबसे ज्यादा छक्के (8) लगाए।

### वेस्टइंडीज ने बनाया रिकॉर्ड स्कोर

पूरन और चार्ल्स की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की बदौलत वेस्टइंडीज ने पावरप्ले में 92/1 का स्कोर बना लिया था। यह इस टूर्नामेंट के इतिहास में पावरप्ले का सबसे बड़ा स्कोर भी बन गया। इससे पहले ये रिकॉर्ड आयरलैंड (91/1 बनाम नीदरलैंड, 2014) के नाम पर दर्ज था। कुल मिलाकर यह टी-20 इतिहास का चौथा सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर है। इसके अलावा यह टी-20 अंतराष्ट्रीय में वेस्टइंडीज के लिए दूसरा सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर भी है।




# नीरज चोपड़ा ने पावो नुरमी खेलों में स्वर्ण पदक जीता

भाषा ▶▶| तुर्कु (फिनलैंड)

भारत के ओलंपिक और विश्व चैम्पियन भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने एक महीने बाद वापसी करते हुए पावो नुरमी खेलों में मंगलवार को पहली बार स्वर्ण पदक जीता। चोपड़ा ने 2022 में यहां रजत पदक जीता था। उन्होंने तीसरे प्रयास में 85.97 मीटर के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। फिनलैंड के टोनी केरानेन ने 84.19 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता । वहीं उनके हमवतन और पिछली बार के स्वर्ण पदक विजेता ओलिवर हेलांडेर को कांस्य पदक जीता जिन्होंने 83.96 मीटर का थ्रो फेंका। चोपड़ा ने 83.62 मीटर के साथ शुरूआत की। दूसरे दौर में हेलांडेर ने 83 . 96 मीटर के साथ बढत बना ली लेकिन तीसरे दौर में चोपड़ा ने 85.97 मीटर के साथ फिर बढत हासिल कर ली जो अंत तक बनी रही। 26 वर्ष के चोपड़ा ने तीसरे प्रयास के बाद हाथ उठाकर अपने अंदाज में तेज आवाज निकालकर जश्न मनाया। पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण के दावेदार चोपड़ा ने दो साल पहले इस टूर्नामेंट में 89.30 मीटर के साथ रजत पदक जीता था। दो बार के विश्व चैम्पियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स 82.58 मीटर के थ्रो के साथ चौथे स्थान पर रहे जबकि 2012 ओलंपिक चैम्पियन त्रिनिदाद और टोबैगो के केशोर्न वालकॉट 81.93 मीटर के साथ छठे स्थान पर रहे। चोपड़ा ने पिछले महीने एहतियात के तौर पर ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक से नाम वापिस ले लिया था चूंकि वह जांघ के भीतरी हिस्से की मांसपेशी में असहज महसूस कर रहे थे। उन्होंने सत्र की शुरूआत मई में दोहा डाइमंड लीग में 88.36 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहकर की। उन्होंने भुवनेश्वर में फेडरेशन कप राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भी भाग लेकर 82.27 मीटर के साथ स्वर्ण पदक जीता। अब वह सात जुलाई को पेरिस डायमंड लीग में भाग लेंगे।

## महिला क्रिकेट

# द. अफ्रीका पर अजेय बढ़त बनाने आज उतरेगी भारतीय महिला टीम



एजेंसी ▶▶| बेंगलुर

पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साहित भारतीय महिला टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आज बुधवार को यहां होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बनाने की कोशिश करेगी।

भारत ने पहले मैच में 143 रन से जीत दर्ज की लेकिन टीम कुछ खिलाड़ियों के प्रदर्शन को लेकर चिंतित होगी। मैच दोपहर 1.30 बजे शुरू होगा। पहला मैच में बल्लेबाजी में दिखीं खामियां इस तरह से भारत ने पहला मैच स्मृति मंधाना के शतक और स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत जीता। बल्लेबाजी में हालांकि उसकी कुछ कमजोरियां खुलकर सामने आई। भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा का वनडे में लगातार खराब प्रदर्शन है। पिछले छह मैच में वह दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाई। उन्हें टीम ने अपनी जगह बनाए रखने के लिए बड़ी पारी खेलने की जरूरत है।

### मंधाना से उम्मीद, हरमन व जेमिमा भी रहीं नाकाम

कप्तान हरमनप्रीत कौर का बल्ला भी नहीं चल पा रहा है। पिछले 5 मैच में उन्होंने 14, 9, 5, 3 और 10 रन बनाए। चोट से उबर कर वापसी करने वाली शीर्ष क्रम की एक अन्य बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स भी प्रभावित करने में नाकाम रही। इन सभी को मंधाना से सीख लेने की जरूरत है जिन्होंने वनडे में छठा शतक लगाया। यह बाएं हाथ की बल्लेबाज अच्छी लय में है।

### आशा रहीं सफल गेंदबाज, पूजा को लेकर चिंता

गेंदबाजों में अपना पहला मैच खेल रही लेग स्पिनर आशा शोभना ने 21 रन देकर चार विकेट लिए लेकिन टीम प्रबंधन तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर की फिटनेस को लेकर चिंतित होगा जो दक्षिण अफ्रीका की पारी के दौरान 18वें ओवर में मैदान छोड़कर चली गई थी। उनके नहीं खेलने पर अरुंधति रेड्डी को टीम में लिया जा सकता है। पिछले मैच में भारतीय स्पिनरों आशा, दीप्ति शर्मा और राधा यादव ने मिलकर सात विकेट लिए थे।



### विंबलडन चैंपियन वोंद्रोसोवा ने ग्रास कोर्ट सत्र की शुरुआत की जीत के साथ

**बर्लिन।** विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा ने अपने ग्रास कोर्ट सत्र की शुरुआत बर्लिन लेडीज ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में क्वालीफायर रेबेका मसारोवा के खिलाफ सीधे सेट में जीत के साथ की। पांचवीं वरीय वोंद्रोसोवा ने रेबेका को 6-4, 6-3 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। वोंद्रोसोवा ने तीन बार रेबेका की सर्विस तोड़ी और फोरहैंड विनर लगाकर जीत हासिल की। चेक गणराज्य की वोंद्रोसोवा ने फ्रेंच ओपन के पहले दौर में भी स्पेन की इस खिलाड़ी को हराया था।



**दूसरे दौर में अन्ना से मुकाबला :** वोंद्रोसोवा दूसरे दौर में अन्ना केलिन्सकाया से भिड़ेंगी। पिछले साल वोंद्रोसोवा विंबलडन खिताब जीतने वाली पहली गैरवरीय महिला खिलाड़ी बनीं थी। उन्होंने फाइनल में 2022 की उप विजेता ओन्स जेब्युर को 6-4, 6-4 से हराया था।

# तोंडाइमन, राजेश्वरी ओलंपिक के लिए पांच सदस्यीय भारतीय शॉटगन टीम में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सीनियर ट्रैप निशानेबाज पृथ्वीराज तोंडाइमन आगामी पेरिस ओलंपिक में भारतीय शॉटगन टीम की अगुवाई करेंगे। उन्हें भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने मंगलवार को खेलों के महाकुंभ के लिए घोषित पांच सदस्यीय टीम में जगह दी जिसके सभी खिलाड़ी पहली बार इन खेलों में हिस्सा लेंगे। पेरिस खेल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित किए जाएंगे।

टोंडाइमन ने पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में जगह बनाई है जबकि राजेश्वरी कुमारी महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में निशाना साधेंगी। अनंतजीत सिंह नरुका भारत के एकमात्र पुरुष स्कीट निशानेबाज होंगे जबकि रायजा ढिल्लों और महेश्वरी चौहान महिला स्कीट में उन पांच कोटा स्थानों को पूरा करेंगी जो शॉटगन टीम ने क्वालीफिकेशन चक्र के दौरान हासिल किए थे। महेश्वरी और अनंतजीत स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा में एकमात्र भारतीय जोड़ी के रूप में भी भाग लेंगे। यह स्पर्धा पेरिस खेलों में पहली बार हो रही है। भारत के पांचों शॉटगन निशानेबाज अपने पहले ओलंपिक खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

## भारत का अफगानिस्तान, बांग्लादेश और ऑस्ट्रेलिया से होना है मुकाबला

# ट्रॉफी का सूखा खत्म करना चाहेगी टीम इंडिया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईसीसी मेंस टी20 विश्व कप 2024 का ग्रुप स्टेज खत्म हो गया है। अब सुपर-8 राउंड के मुकाबले आज 19 जून से खेले जाएंगे। भारत का पहला मैच 20 जून को अफगानिस्तान से है। भारत को इसके बाद बांग्लादेश और ऑस्ट्रेलिया से भी दो-दो हाथ करना है। हालांकि, सुपर-8 का इम्तिहान पास होने के लिए भारत को अपनी 3 परेशानियों का हल ढूंढना होगा। वर्ना खिताब का सपना दूर की कौड़ी साबित होगा।

अभी तक उतार-चढ़ाव वाले मैचों में जीत हासिल करने वाली रोहित शर्मा एंड कंपनी को जीत के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ेगा। भारत के लिए



परेशानी की बात ये है कि कई खिलाड़ी ऐसे हैं, जो ग्रुप स्टेज में हर मैच में उतरे लेकिन या तो उन्हें खेलने का पूरा मौका नहीं मिला या उनके फॉर्म ने दगा दे दिया। ऐसे ही एक खिलाड़ी हैं विराट कोहली।

### विराट का फॉर्म चिंता बढ़ाने वाला

विराट कोहली ग्रुप स्टेज के तीनों ही मैचों में नाकाम रहे और सिर्फ 5 रन ही बना पाए। ओपनिंग करते हुए कोहली टी20 विश्व कप में सिर्फ 10 गेंद ही खेल पाए हैं।

### रवींद्र जडेजा का फीका प्रदर्शन

जडेजा टीम इंडिया के नंबर-1 ऑलराउंडर हैं लेकिन, टी20 विश्व कप के ग्रुप स्टेज में वो न तो गेंद और न ही बल्ले से कुछ खास कर पाए। जडेजा का तीनों मैच में न बल्लेबाजी में और न ही गेंदबाजी में खाता तक नहीं खुला। ऐसे में जडेजा को लेकर टीम मैनेजमेंट को कोई निर्णय लेना होगा। जडेजा और अक्षर पटेल दोनों में से किसी एक को बाहर करके कुलदीप यादव को धाकड़ स्पिनर के रूप में जोड़ा जा सकता है ।

### कप्तान-उपकप्तान को दिखाना होगा दम

रोहित शर्मा का आयरलैंड के खिलाफ अर्धशतक छोड़ दें तो बाकी दो मैच में वो फ्लॉप रहे। हार्दिक पंड्या ने गेंदबाजी जरूरी अच्छी की है लेकिन, बल्लेबाजी में वो पाकिस्तान के खिलाफ वो नाकाम रहे थे। बाकी दो मैच में उनकी बल्लेबाजी नहीं आई। पंड्या ने ग्रुप स्टेज में 3 मैच में 7 विकेट लिए थे। यानी अब कप्तान और उपकप्तान दोनों को एक और एक ग्यारह की तर्ज पर विरोधी टीम पर बरसना होगा।

# सिक्किम में मानसूनी बारिश का कहर जारी, पर्यटक हो रहे परेशान

## भूस्खलन से प्रभावित 200 पर्यटकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/गंगटोक

सिक्किम के भूस्खलन प्रभावित मंगन जिले के लाचुंग में 200 से अधिक पर्यटकों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया और करीब एक हजार पर्यटक अब भी फंसे हुए हैं। पर्यटकों को चुंगथांग के रास्ते मंगन शहर तक पहुंचाया गया, जहां से परिवहन विभाग ने उन्हें वाहनों में गंगटोक ले जाने की व्यवस्था की है। बता दे कि पूर्वोत्तर राज्य सिक्किम में मानसूनी बारिश कहर बरपा रही है।

लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने आमलोगों का जीना मुहाल कर दिया है। सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। वहीं आवश्यक चीजों की आपूर्ति भी प्रभावित होने लगी है। दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर में एक साथ दक्षिण-पश्चिम मानसून एक्टिव हुआ था। सालों के बाद ऐसा हुआ है, जब देश के दो अलग-अलग हिस्सों में मानसून साथ में सक्रिय हुआ है। मानसून के सक्रिय होने के बाद से पूर्वोत्तर के राज्यों में लगातार मूसलाधार बारिश हो रही है।



मंगन। जिले में बारिश से प्रभावित चुंगथांग में फंसे पर्यटकों को निकाला जा रहा है

**मूसलाधार बारिश होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त**



गंगटोक। भारी बारिश के बाद डेंटम से गेजिंग, सिक्किम की ओर जाने वाली जलमग्न सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई है, जिसके कारण वाहनों को आने-जाने में घंटों इंतजार करना पड़ रहा

### सड़क मार्ग बंद

एक तरफ राजधानी दिल्ली समेत उत्तर और पूर्वी भारत का अधिकांश इलाका भीषण गर्मी की चपेट में है, दूसरी तरफ पूर्वोत्तर में लगातार मूसलाधार बारिश ने हालत खराब कर रखी है। लगातार तेज बारिश की वजह से सिक्किम में कई जगहों पर सड़कें पानी के तेज बहाव या फिर लैंडस्लाइड में तबाह हो चुकी हैं। ऐसे में उत्तरी सिक्किम में तकरीबन 1600 टूरिस्ट फंस गए हैं। सड़क मार्ग पूरी तरह से बंद होने की वजह से ये लोग जहां-तहां फंसे हुए हैं। मौसम इस हद तक खराब है कि हवाई सेवाएं भी ठप पड़ गई हैं। ऐसे में फंसे हुए पर्यटकों को निकालाने के लिए एयर फोर्स की मदद मांगी गई है।

### सिक्किम में अभी तक शुरू नहीं हो सका बचाव अभियान

खराब मौसम के चलते सिक्किम में अभी तक राहत एवं बचाव का काम में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एयर फ़ोर्स को भी मौसम ठीक होने का इंतजार है। नॉर्थ सिक्किम में तकरीबन 1600 लोगों के फंसे होने की बात कही जा रही है। सिक्किम में फंसे टूरिस्टों को रेस्क्यू करने के लिए भारतीय वायुसेना से अनुरोध किया गया था। खराब मौसम का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि एरियल रेकी भी नहीं की जा सकी है। 11 जून को अचानक हुई तेज बारिश के बाद से हालात लगातार बिगड़ते चले गए। लैंडस्लाइड की वजह से सड़कें तक बह चुकी हैं।

## खबर संक्षेप

### गर्मी के कहर से 22 हज यात्रियों की मौत



**रियाद।** सऊदी अरब में होने वाली दुनिया की सबसे बड़ी धार्मिक यात्राओं में से एक हज यात्रा पर इस बार भीषण गर्मी का कहर टूटा है। हज यात्रा के दौरान गर्मी के चलते इस बार कम से कम 22 श्रद्धालुओं की मौत हुई है। मृतकों की संख्या बढ़ने के चलते सऊदी अरब सरकार की हज यात्रा की तैयारियों के दावों की पोल खुल गई। हज यात्रा पर गए देश के 14 श्रद्धालुओं की लू लगने से मौत हुई है। सऊदी अरब के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि गर्मी लगने के 2700 से ज्यादा मामले दर्ज किए गए हैं।

### भारतीय मूल के डॉक्टर को मिला पुरस्कार



**लंदन।** भारतीय मूल के मस्तिष्क आघात विशेषज्ञ (ब्रेन ट्रॉमा एक्सपर्ट) और कैंब्रिज विश्वविद्यालय में एनेस्थीसिया के प्रोफेसर डेविड कृष्ण मेनन को ब्रिटेन के प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान 'न्यूरोक्रिटिकल केयर में सेवाओं' के लिए दिया गया है। प्रोफेसर डेविड कृष्ण मेनन कैंब्रिज विश्विद्यालय में एनेस्थीसिया विभाग के प्रमुख हैं। उन्हें ब्रिटेन के प्रतिष्ठित पुरस्कार 'कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर' (सीबीई) से सम्मानित किया गया।

## नाटो प्रमुख ने चीन को दी चेतावनी

# कहा- यूक्रेन युद्ध में रूस का समर्थन करने पर परिणाम भुगतने होंगे



**रूस की मदद करके चीन यूरोप में सबसे बड़े सशस्त्र संघर्ष को दे रहा बढ़ावा**

एजेंसी ▶▶ कीव

नाटो ने रूस-यूक्रेन युद्ध में रूस का समर्थन करने के लिए परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है। नाटो महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने कहा कि रूस की मदद करके चीन यूरोप में सबसे बड़े सशस्त्र संघर्ष को बढ़ावा दे रहा है। नाटो प्रमुख ने सोमवार को चेतावनी देते हुए कहा है कि रूस का समर्थन करने के कारण पश्चिमी देशों को चीन पर प्रतिबंध लगाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन को लगातार हथियारों की आपूर्ति ही इस युद्ध का अंत कर सकती है। नाटो के महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने अगले महीने होने वाली नाटो की 75वीं वर्षगांठ शिखर सम्मेलन की आधारशिला रखने के लिए वाशिंगटन का दौरा किया।

### शिखर सम्मेलन का उद्देश्य यूक्रेन के लिए समर्थन

जुलाई के शिखर सम्मेलन का उद्देश्य यूक्रेन के लिए समर्थन का एक निर्णायक दीर्घकालिक संदेश भेजना है। क्योंकि राष्ट्रपति जो बाइडन को यूक्रेन के लिए पश्चिमी समर्थन पर संदेह करने वाले डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ एक कठिन पुनर्मिलन लड़ाई का सामना करना पड़ रहा है। बाइडन के साथ बैठक से पहले बोलते हुए स्टोलटेनबर्ग ने चीन पर आरोप लगाया कि अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि यह रूस के रक्षा उद्योग के पुनर्निर्माण के लिए चीन एक प्रमुख निर्यात प्रोत्साहन है।

### अमेरिका के खिलाफ नहीं, किसी पक्ष को सहायता नहीं: चीन

वहीं चीन का कहना है कि वह संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों के खिलाफ नहीं है। ना ही चीन किसी को गलत तरीके से सहायता दे रहा है। ीजिंग ने स्विट्जरलैंड में यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की द्वारा आयोजित सप्ताहांत शिखर सम्मेलन से दूरी बनाई थी, जिसमें किसी भी शांति के लिए रूस द्वारा यूक्रेनी क्षेत्र छोड़ने की कीव की मांगों की पुष्टि की गई थी।

## प्रयागराज देश में सबसे गर्म, तापमान 47.6 डिग्री, ओडिशा में 4 दिन में मानसून पहुंचेगा

# 9 राज्यों में हीटवेव, यूपी-बिहार में गर्मी से 107 मौतें

*गर्म हवा के झोंके से हीटवेव (लू) का कहर एक बार फिर शुरू हो चुका है। विशेषकर अगले 48 घंटे तक लू का प्रकोप तेज होने की पूर्वानुमान को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से अलर्ट जारी किया गया है।*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के उत्तरी राज्यों में गर्मी का दौर लगातार जारी है। आईएमडी ने उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़, जम्मू, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, बिहार और झारखंड में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। मंगलवार को प्रयागराज में लगातार दूसरे दिन देश का सबसे गर्म शहर था। यहां तापमान 47 डिग्री के पार रिकॉर्ड किया गया है। उत्तर प्रदेश में 24 घंटे में लू से 90 लोगों की मौत हुई है। हालांकि, प्रशासन इसे मानने से इनकार कर रहा है। प्रशासन का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही यह स्पष्ट होगा की मौतें गर्मी की वजह से हुई है, लेकिन डॉक्टरों का साफ कहना है कि ज्यादातर मौतें हीटवेव और हीट स्ट्रोक से हुई है। उधर, बिहार में सोमवार को लू से 17 लोगों की मौत हुई। हालांकि, इसकी भी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। औरंगाबाद में सोमवार को तापमान 46.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

### कानपुर में गर्मी बन रही जानलेवा,1 5 की मौत

*कानपुर के घाटमपुर सर्किल में बीते 36 घंटे में अलग-अलग जगहों पर 15 लोगों की मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हालांकि एक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के थानों में फोटो भेजकर शव की शिनाख्त कराने की कोशिश कर रही है। सभी की मौत हीट स्ट्रोक से होने की आशंका जताई जा रही है।*

### बिहार में भीषण गर्मी का कहर

बिहार में भीषण गर्मी कहर बरपा रही है। दक्षिण बिहार के कैमूर जिले में हीटवेव से हड़कंप मचा हुआ है। जिले में 12 घंटे के भीतर 11 लोगों की गर्मी और लू की वजह से जान चली गई।

### छत्तीसगढ़ में गर्मी की छुट्टियां बढ़ीं

*छत्तीसगढ़ में तेज गर्मी पड़ रही है। रविवार 16 जून को रायपुर और राजनांदगांव का तापमान 39 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। इसके चलते गर्मी की छुट्टियां 25 जून तक बढ़ा दी गई हैं। इससे पहले राज्य सरकार ने गर्मी की छुट्टियां 22 अप्रैल से 15 जून तक घोषित की थीं। वहीं, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा है कि मौसम की स्थिति देखते हुए स्कूल कब खुलेंगे, इसका फैसला कलेक्टर करेंगे। मौसम विभाग के मुताबिक, राज्य के कई जिलों में 19 जून तक मौसम काफी गर्म और उमस भरा रहेगा।*



### बुधवार से दिल्ली में लोगों को राहत मिल सकती है

दिल्ली में भी गर्मी का दौर लगातार जारी है। तापमान 45 डिग्री तक पहुंच गया है। बुधवार से दिल्ली के लोगों को राहत मिल सकती है। मंगलवार सुबह यहां न्यूनतम तापमान 33.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 6 डिग्री ज्यादा है। वहीं, पंजाब के बठिंडा में 46.9 डिग्री सेल्सियस टेम्परेचर रिकॉर्ड किया गया। इसके अलावा पंजाब के अमृतसर, पटियाला और गुरदास में भी तापमान 45 डिग्री से ऊपर रहा।

# सीडीएस ने जारी किया साइबर स्पेस अभियानों से जुड़ा संयुक्त 'डॉक्टरीन'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को राजधानी में हुई तीनों सशस्त्र सेनाप्रमुखों की समिति (चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी) की बैठक में साइबर स्पेस अभियानों से जुड़ा हुआ संयुक्त 'डॉक्टरीन' (सिद्धांत) जारी किया। मौजूदा जटिल सैन्य कार्रवाई के माहौल में यह डॉक्टरीन कमांडरों को साइबरस्पेस अभियानों का संचालन करने के लिए मार्गदर्शन करेगा। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि संयुक्तता और एकीकरण को लेकर भी इसका विकास काफी महत्वपूर्ण है। साथ ही यह भारतीय सशस्त्र सेनाओं द्वारा तत्काल पूर्ण सजगता के साथ उठाया गया एक अहम कदम है। यह डॉक्टरीन कमांडरों, स्टाफ, योजना बनाने वाले कर्मियों को साइबरस्पेस अभियानों के संचालन के अलावा उक्त क्षेत्र में हर स्तर पर युद्ध लड़ने को लेकर जागरूकता बढ़ाने में भी मददगार साबित होगा। यहां बता दें कि यह अहम डॉक्टरीन एक ऐसे समय में जारी किया गया है। जब भारत के निकट पड़ोस में स्थित चीन साइबर स्पेस के क्षेत्र में अपना दबदबा कायम करने की कोशिश में लगा हुआ है। कई वरिष्ठ कमांडर भविष्य में तकनीक की मदद से लड़ी जाने वाली लड़ाईयों के साइबर स्पेस के क्षेत्र में लड़े जाने का खतरा भी जता चुके हैं।

# सेशेल्स पहुंचा नौसेना का युद्धपोत सुनयना, मजबूत होंगे द्विपक्षीय संबंध

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण चीन सागर में लगातार बढ़ती चीन की आक्रामकता के बीच भारतीय नौसेना का अपतटीय गश्ती पोत आईएनएस सुनयना सेशेल्स के विक्टोरिया बंदरगाह पहुंच गया है।

जहां सेशेल्स के तटरक्षकबल और भारतीय दूतावास के अधिकारियों ने इसका स्वागत किया। नौसेना ने बताया कि आईएनएस सुनयना 15 जून को सेशेल्स पहुंचा था। इस यात्रा के दौरान दोनों देशों की नौसेनाओं के कर्मियों के बीच आधिकारिक-सामाजिक बातचीत और क्रास डैक यात्राएं होंगी। अपनी इस तैनाती के दौरान आईएनएस सुनयना सेशेल्स तटरक्षक के साथ संयुक्त ईईजेड निगरानी करेगा। नौसेना ने बताया कि सुनयना पोत की इस सेशेल्स यात्रा का उद्देश्य भारत के सागर विजन के अनुरूप भारतीय नौसेना और सेशेल्स तटरक्षकबल के बीच सौहार्द और आपसी सहयोग को और अधिक मजबूत करना है। सुनयना पोत भारतीय नौसेना की दक्षिणी कमांड का अपतटीय गश्ती पोत है। इसकी हाल ही में भारत के गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) में छोटी मरम्मत पूरी हुई है।

# भारत और ओमान के विदेश मंत्रियों के बीच फोन पर हुई वार्ता

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** भारत और ओमान के विदेश मंत्रियों के बीच टेलीफोन पर बातचीत हुई। इसमें व्यापार, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी जैसे मुद्दों के अलावा समय पर खरे उतरे दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की गई। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर मंगलवार को एक पोस्ट में भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने यह जानकारी दी। ओमान के अपने समकक्ष और विदेश मंत्री ब्रद अलबुसैदी के साथ टेलीफोन पर बातचीत हुई। इसमें व्यापार, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी जैसे मामलों के साथ ही समय की कसौटी पर जांचे परखे गए आपसी संबंधों को लेकर चर्चा की गई। निकट संपर्क में बने रहने की आशा है। यहां बता दें कि बीते सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने ओमान को बकरीद के मौके पर शुभकामनाएं दीं थीं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109